www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 6 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-331 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता ... 02

■ एनडीएमसी बैठक में कई प्रस्तावों को दी मंजूरी
■ अमर कॉलोनी में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग ... 03

■ शहबाज ने लिया पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को...
■ हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, ... 07

इन दिनों एक किताब पढ़ने में व्यस्त हैं काजोल 10

## कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड पर फिर घेरा

# चुनावी बॉन्ड का सच छुपाने का हो रहा षडयंत्र

## सच छुपाने को एसबीआई ने आंकड़े देने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि राजनीतिक दलों को चुनावी बॉन्ड से मिले चंदे के सच पर पर्दा डालने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चन्दे की राशि का विवरण देने के लिए समय मांग रहा है, जो डिजिटल इंडिया के युग में अत्यंत अव्यावाहारिक है और बताता है कि सच छिपाने का षड्यंत्र हो रहा है। कांग्रेस सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत में मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सच पर पर्दा डालने का षड्यंत्र हो रहा है और यह बात किसी को हजम नहीं हो रही है कि एक क्लिक में सारा डेटा उपलब्ध हो सकता है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के पालन को लंबा खींचने के लिए एसबीआई को मोहरा बनाकर चुनाव सम्पन्न होने तक डेटा देने के लिए समय मांगा जा रहा है।

■ एसबीआई को मोहरा बनाने का काम हो रहा
■ एक क्लिक में सारा डेटा उपलब्ध हो सकता है

उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने गत 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड बैन करते हुए कहा था कि लोकतंत्र में किसने, किस पार्टी को, कितना पैसा दिया- यह सच जानने का हक जनता को है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को आदेश दिया था कि 6 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड डोनर के नाम सार्वजनिक किए जाएं और चुनाव आयोग के साथ साझा किए जाए लेकिन अब एसबीआई ने कोर्ट से 30 जून तक का वक्त मांगा है क्योंकि वो इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा देने में असमर्थ है।'

प्रवक्ता ने कहा, विडंबना देखिए कि डिजिटल बैंकिंग के युग में कंप्यूटर की एक क्लिक पर 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा निकालने के लिए एसबीआई को 5 महीने चाहिए। ये वही एसबीआई है जिसके 48 करोड़ बैंक अकाउंट हैं, करीब 66,000 एटीएम और लगभग 23,000 ब्रांच हैं।'



लोकतंत्र में किसने, किस पार्टी को, कितना पैसा दिया, यह सच जानने का हक जनता को है : सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता



चुनावी बॉन्ड भ्रष्टाचारी योजना थी, सरकार इस मामले में एसबीआई का इस्तेमाल कर रही है: मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### भाजपा को करीब 6500 करोड़ रुपए मिले

उन्होंने कहा, पिछले वित्त वर्ष के अंत तक करीब 12 हजार करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक पार्टियों को मिले, जिसमें सिर्फ भाजपा को करीब 6500 करोड़ रुपए मिले। भाजपा परेशान थी कि अगर चंदा देने वालों के नाम सार्वजनिक हो गए तो पता चल जाएगा कि उनका कौन सा मित्र कितना पैसा दे रहा था और क्यों दे रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार 30 कंपनियों ने भाजपा को करीब 335 करोड़ रुपए का चंदा दिया था जिनके ऊपर 2018 से 2023 के बीच एजेंसियों की कार्रवाई हुई थी। इनमें से 23 कंपनियां ऐसी थीं, जिन्होंने पहले कभी किसी भी राजनीतिक पार्टी को चंदा नहीं दिया था।

### डीके शिवकुमार के खिलाफ ईडी का मुकदमा रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ 2018 के धनशोधन के एक मुकदमे की कार्यवाही को मंगलवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने यह आदेश याचिकाकर्ता उप मुख्यमंत्री शिवकुमार और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच जारी रखने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के अगस्त 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर पारित किया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें ईडी को अपनी जांच जारी रखने की अनुमति दी गई थी।



## कांग्रेस ने केंद्रीय चुनाव समिति की कल बैठक बुलाई

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसके बाद अब कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की पहली सूची का इंतजार हो रहा है। इस बीच पता चला है कि 7 मार्च को कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में हो रही इस बैठक में 150 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लग सकती है। इसके बाद पहली सूची जारी कर दी जाएगी। इस बैठक में सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल कर्नाटक और तेलंगाना के लिए स्क्रीनिंग समितियों ने पिछले हफ्तों में संभावित उम्मीदवारों के नामों की जो सूची बनाई थी,केंद्रीय चुनाव समिति उसी सूची पर विचार कर अंतिम फैसला करेगी। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को क्रमशः राजनादगांव और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। इसके अलावा बस्तर से राज्य इकाई प्रमुख दीपक बैज,कोरबा से ज्योत्सना महंत, दुर्ग से ताम्रध्वज साहू, रायपुर से विकास उपाध्याय और जांजगीर-चांपा से शिवडहरिया के नामों पर भी विचार किया जा सकता है। अशोक गहलोत चुनाव नहीं लडना चाहते हैं, लेकिन जालौर सिरोही से अपने बेटे वैभव गहलोत को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। इसके अलावा हरियाणा में पार्टी कुमारी शैलजा को अंबाला, गीता भुक्कल को सिरसा,दीपेंद्र सिंह हुड्डा को रोहतक,कर्नला रोहित चैधरी को सोनीपत,जितेंद्र भरद्वाज को गुढगांव और करण दलाल को फरीदाबाद से टिकट दे सकती है। बतादें कि पहले कांग्रेस ने फरवरी के आखिर तक नामों की स्क्रीनिंग करने और मार्च के पहले सप्ताह में उम्मीदवारों के नाम घोषित करने की तैयारी में थी। लेकिन राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा और बिहार,झारखंड,तमिलनाडु और महाराष्ट्र में लंबित सीट बटवारे के चलते इसमें कुछ विनम्ब हो गया।



■ डेढ सौ से ज्यादा उम्मीदवारों के नामों पर लग सकती है मुहर

## सार संक्षेप



### राहुल ने उज्जैन में महाकाल मंदिर में दर्शन किए

**उज्जैन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर पूजा की। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत मध्यप्रदेश के उज्जैन पहुंचे श्री गांधी ने अपरान्ह महाकाल भगवान के दर्शन कर पूजा की। इस दौरान वे केसरिया दुपट्टा गले में धारण किए हुए थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### उत्तर भारत में बारिश, हिमपात के है आसार




**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सात मार्च तक हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि पांच-सात मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में छिटपुट हल्की बारिश और हिमपात होने के अलावा देश के अन्य हिस्सों में अगले पांच दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### रांची में मिले स्वाइन फ्लू के तीन संदिग्ध मरीज, बढ़ा अलर्ट



**रांची।** रांची में स्वाइन फ्लू के तीन संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनका इलाज शहर के मेडिका हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। इनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जिसकी रिपोर्ट फिलहाल नहीं आई है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग के अफसरों को स्थिति पर नजर बनाए रखने को कहा गया है। इसके पहले रांची के एक डॉक्टर और उनके पुत्र भी स्वाइन फ्लू से संक्रमित हुए थे, जो इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं।

### माकपा लोकसभा उम्मीदवार ईडी ने फिर तलब किया



**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से माकपा नेता और केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक को बड़ा झटका लगा है। ईडी ने उन्हें मसाला बॉन्ड के मुद्दे से संबंधित सभी दस्तावेजों के साथ 12 मार्च को पेश होने के लिए कहा है। थॉमस इसाक इन दिनों पथानामथिट्टा लोकसभा सीट पर अपने चुनाव अभियान में व्यस्त हैं।

### स्पेन की टूरिस्ट से गैंगरेप के पांच और आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** झारखंड के दुमका में स्पेन की टूरिस्ट ब्लॉगर के साथ हुए गैंगरेप के पांच और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले तीन आरोपियों को जेल भेजा था।

## योगी मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार

# ओमप्रकाश राजभर समेत 4 मंत्रियों ने ली शपथ

**लखनऊ,** 5 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार में सोमवार को चार नए मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल आनदीबेन पटेल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष एवं विधायक ओम प्रकाश राजभर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल में मुजफ्फरनगर के पुरकाजी क्षेत्र के विधायक अनिल कुमार और गाजियाबाद जिले की साहिबाबाद विधानसभा सीट से विधायक सुनील शर्मा को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत योगी मंत्रिमंडल के कई सदस्य और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जहूराबाद सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले ओम प्रकाश राजभर और समाजवादी पार्टी छोड़ कर कुछ महीने पहले भाजपा में वापसी करने वाले दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाए जाने की अटकलें काफी समय से लगायी जाती रही हैं वहीं हाल ही में सपा गठबंधन से किनारा कर भाजपा का समर्थन करने वाले रालोद के विधायक अनिल कुमार को मंत्री पद के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। ऐसा ही भाजपा विधायक सुनील शर्मा के साथ भी हुआ है।



■ रालोद के अनिल कुमार पुरकाजी से हैं विधायक

### मंत्रिमंडल की कुल संख्या 56 हुई

मंत्रिमंडल की कुल संख्या 56 हो गई है। मंत्रिमंडल में अनारक्षित वर्ग के चेहरों की संख्या अब 24 और ओबीसी की संख्या बढ़कर 22 हुई। एससी-एसटी की भागीदारी बढ़कर 10 हुई।

## 'मोदी का परिवार' अभियान पर तेजस्वी का तंज

# 100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार

**पटना,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे 'मोदी का परिवार' अभियान को लेकर कविता के जरिए राजद नेता तेजस्वी ने तीखा तंज किया है। तेजस्वी ने कहा कि '80 करोड़ गरीबी से करते हैं हाहाकार,100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, दुखी सब परिवार फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार'। तेजस्वी ने कहा कि मुद्दे की बात होनी चाहिए। पिछली बार चौकीदार हो गए थे और अब परिवार हो गए हैं। इससे काम नहीं चलने वाला है, आपको बताना होगा कि आपने कितने लोगों को नौकरी और रोजगार दिया है। आपने कितने कारखाने खोले, आपने महंगाई कम किया या नहीं किया, आपने पलायन रोका या नहीं रोका, आपने बिहार के लिए क्या दिया, देश से कितनी गरीबी हटाने का काम केंद्र सरकार ने किया, उनको इन मुद्दों पर लोगों से बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है। सिर्फ मोदी का परिवार कह देने भर से क्या सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। वहीं इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि सहयोगी दलों से बातचीत चल रही है। एनडीए से पहले हमलोगों के बीच सीटों का बंटवारा हो जाएगा। भाजपा की जो पहली लिस्ट उम्मीदवारों की निकली उसमें बिहार से कहां किसी का नाम आया।

■ कितने लोगों को रोजगार दिया, ये बताना होगा

मुद्दे की बात होनी चाहिए। पिछली बार चौकीदार हो गए थे और अब परिवार हो गए हैं: तेजस्वी यादव, राजद नेता



### किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं

किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं क्या वे उनके परिवार नहीं है। अपने परिवार के लोगों के साथ कोई इस तरह का काम करता है क्या? किसानों से मिलने के लिए उनके पास समय नहीं है। क्यों नहीं मिल रहे हैं किसानों से, क्या सिर्फ कहने के लिए किसान उनके परिवार हैं।

## संदेशखाली मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंची बंगाल सरकार

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का द र वा जा खटखटाया, जिसमें उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमले की सीबीआई से स्वतंत्र जांच कराने का आदेश दिया गया था। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से इस मामले में तत्काल दखल देने का आग्रह करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का जिक्र किया। सिंघवी ने तात्कालिकता के बारे में बताते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को ही राज्य पुलिस को मामले से संबंधित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था।

इस पर, न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ से निर्देश प्राप्त करने के लिए शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से संपर्क करने को कहा। इससे पहले दिन में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्वतंत्र सीबीआई जांच का आदेश दिया और पश्चिम बंगाल पुलिस को हमले के मास्टरमाइंड शेख शाहजहां को सीआईडी की हिरासत से निकालकर केंद्रीय जांच दल को सौंपने का निर्देश दिया।



■ ईडी पर हमले की सीबीआई जांच के खिलाफ लगाई गुहार
■ कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दरवाजा खटखटाया

### सीबीआई लौटी खाली हाथ


पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी ईडी अधिकारियों पर हमले के मुख्य आरोपी शेख शहाजहां को सीबीआई को नहीं सौंपा। सीबीआई की टीम शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर पहुंची थी, लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसी को खाली हाथ लौटना पड़ा।

# अपहरण मामले में धनंजय सिंह दोषी करार

■ अपर सत्र न्यायाधीश ने की सुनवाई ■ आज किया जाएगा सजा का एलान

**जौनपुर,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सहयोगी संतोष विक्रम को अपहरण व रंगदारी मांगने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को दोषी करार दिया गया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई बुधवार को होगी।

मुजफ्फरनगर निवासी जौनपुर के नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी मांगने व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी संतोष विक्रम पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा था कि संतोष विक्रम दो साथियों के साथ वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गया। वहां धनंजय सिंह वादी को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाया। इनकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगी। मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था, हालांकि बाद में जमानत मिल गई। पुलिस ने रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित किया था। बुधवार को मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दोनों को दोषी करार दिया।



## पूर्व सांसद राजेश मिश्र भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद राजेश मिश्र आज कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी सदस्यता ग्रहण की। राजेश मिश्र 2004 से 2009 तक वाराणसी से कांग्रेस के सांसद थे। बताया जा रहा है कि धुर विरोधी अजय राय के उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही वे कांग्रेस नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। उन्होंने कहाकि यह पूरे देश के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के सांसद हैं।

■ देवरिया से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

## चुनाव — तैयारियों के आकलन के लिए राज्यों के दौरे पर है आयोग

# अगले हफ्ते हो सकता है चुनाव की तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग आगामी लोकसभा चुनाव 2023 की तारीखों का एलान 14-15 मार्च को कर सकता है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों की तर्ज पर ही इस बार भी सात चरण में ही चुनाव कराए जा सकते हैं। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पहले चरण के लिए मतदान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव आयोग अगले हफ्ते किसी भी दिन लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है।**

फिलहाल आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों के दौरे पर है। सभी राज्यों में तैयारियों का आकलन करने के बाद ही आयोग चुनाव की तारीखों की एलान करेगा।आयोग के अफसर अभी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। इसके बाद टीम उत्तर प्रदेश और फिर जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगी। ये टीम 13 मार्च तक अपना दौरा पूरा कर लेगी। इस बीच चुनाव आयोग राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ लगातार बैठक भी करेगा।



इस बार भी सात चरण में ही कराए जा सकते हैं चुनाव

इस बीच चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल भी अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही कई पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सत्तारूढ़ भाजपा ने हाल ही में 195 सीट पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। वहीं आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने भी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है।

### मोदी भी 13 तक राज्यों के दौरे पर

चुनाव की घोषणा से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न राज्यों के दौरे पर हैं। पीएम 10 दिन में 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पीएम मोदी इस दौरान तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। पीएम मोदी 5 मार्च से लगातार 13 मार्च तक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही जनसभा को संबोधित करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि पीएम के दौरे खत्म होने के बाद चुनाव आयोग कभी भी चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है।

# देश

**उवाच**



"तेलंगाना सरकार कॉल के जरिए आवेदकों पर 31 मार्च से पहले एलआरएस शुल्क का भुगतान करने का दबाव डाल रही है व सरकार का यह कृत्य लोगों का खून बहाने के समान।

–केटी रामाराव, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 20.0 | 12.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 24.0 |

# हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा कर रहा भारत : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका पर दिया जोर

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत हिंद महासागर में देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करके यह सुनिश्चित कर रहा है कि क्षेत्र में किसी का एकाधिकार न रहे। सिंह ने नेवल वॉर कॉलेज (एनडब्ल्यूसी), गोवा में नए प्रशासनिक और प्रशिक्षण भवन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक इमारत का नाम चोल है, यह नामकरण प्राचीन भारत के चोल वंश के शक्तिशाली समुद्री साम्राज्य को अर्पित श्रद्धांजलि है। रक्षा मंत्री ने विश्व स्तरीय अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधा बनाने के लिए नौसेना की सराहना की, जो दुनिया की समुद्री शक्तियों के बीच भारत के कद को यथोचित रूप से दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने चोल भवन को नौसेना की आकांक्षाओं और भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। हमने सुनिश्चित किया है कि क्षेत्र में कोई भी आधिपत्य का इस्तेमाल नहीं करे। सिंह ने कहा कि नौसेना की तत्परता के कारण, भारत तटीय देशों को पूरी सहायता प्रदान करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा है।



चोल भवन नौसेना की आकांक्षाओं व भारत की समुद्री उत्कृष्टता की विरासत का प्रतीक : राजनाथ सिंह

### सभी सरकारों ने समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह गुलामी की मानसिकता से बाहर आने तथा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत पर गर्व करने की नई मानसिकता का भी प्रतिबिंब है। सिंह ने कहा इससे पहले लगभग सभी सरकारों ने भू सीमाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया लेकिन समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के वाणिज्यिक महत्व को देखते हुए, खतरे का पुनर्मूल्यांकन करना जरूरी था। सरकार ने हिन्द महासागर में भारत की भूमिका की न केवल नए सिरे से कल्पना की बल्कि उसे मजबूत भी किया। इन प्रयासों के कारण भारत आज क्षेत्र में पहला प्रतिक्रियादाता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में उभरा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया गया है कि क्षेत्र में नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी देश अपनी भारी आर्थिक और सैन्य शक्ति के साथ मित्र देशों पर प्रभुत्व का दावा करने या उनकी संप्रभुता को खतरा पहुंचाने में सक्षम न हो। जिस तत्परता से नौसेना अपने सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह भारत के वैश्विक मूल्यों को ठोस मजबूती प्रदान करती है। इस अवसर पर सिंह ने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नौसेना बेस, कारवार में दो प्रमुख पायर्स का उद्घाटन किया। विमान वाहक पियर दो विमान वाहक और एक लैंडिंग शिप टैंक (बड़ा) को एक साथ निर्धारित स्थान पर रोकने (बर्थिंग) में सक्षम है। एडमिरल आर हरि कुमार ने विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में उभरती सुरक्षा चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

### भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा कि आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबूत हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

## मोदी के श्रीनगर दौरे को लेकर सुरक्षा बढ़ी

**श्रीनगर,** 5 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाये गये हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि बख्शी स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजामात किए गए हैं। इन इलाकों में हवाई निगरानी भी की जा रही है। शहर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस और सीआरपीएफ वाहनों और यात्रियों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए कई इमारतों की छतों पर भी सुरक्षा बल तैनात किये गये हैं। इसके साथ ही अन्य जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। प्रधानमंत्री की रैली के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई शीर्ष नेता श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं।

# राठी हत्याकांड के मास्टरमाइंड व मकसद का नहीं लगा सुराग

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में मास्टर माइंड का खुलासा पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने भले ही वारदात में शामिल दो शूटर आशीष उर्फ बाबा व सौरभ को दबोच कर केस की गुत्थी सुलझाने का दावा किया हो, लेकिन इनसे पूछताछ में हत्या के मास्टरमाइंड और मकसद का पता नहीं चल पाया है।

दिल्ली व हरियाणा पुलिस दावा कर रही है कि हत्याकांड में में शामिल फरार दो शूटर नकुल सांगवान और अतुल के पकड़े जाने के बाद हत्याकांड के मोटिव का खुलाया हो जाएगा। बता दें कि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी विदेश में बैठे गैंगस्टर नंदू सांगवान ने ली है और फरार आरोपी नकुल, नंदू का रिश्तेदार है। पुलिस को पूरी उम्मीद है कि हो सकता है नंदू ने उसे हत्या के मकसद और इसकी सुपारी देने वाले मास्टर माइंड के बारे में बताया हो। लेकिन सिर्फ पुलिस की उम्मीद है ठोस विश्वास नहीं। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस केस के मास्टरमाइंड और हत्याकांड के राज हमेशा के लिए दफन हो सकते हैं। पुलिस भी मान रही है कि नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे बहुत गहरी साजिश रची गई है। इसमें राजनीतिक एंगल और विदेश में बैठे गैंगस्टर के शामिल होंने के कारण हत्याकांड की गुत्थी सुलझना उतना आसान नहीं है जितना दो शूटरों के पकड़े जाने के बाद लग रहा है। हांलाकि पुलिस इस मामले में हरियाणा के एक बड़े शराब कारोबारी से नफे सिंह राठी की कारोबारी दुश्मनी के ऐंगल को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। क्योंकि पुलिस राडार में आए शराब कारोबारी और गैंगस्टर नंदू सांगवान की पुरानी दोस्ती है। स्पेशल सेल के सूत्रों का ये भी कहना है कि ऐसे मामलों में जांच को भटकाने के लिए भी कई बार जानबूझकर गलत तरह की बातें फैला देते है। हांलाकि नेफे सिंह राठी की हत्या की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है लेकिन इस हत्याकांड के सूत्रधार और मकसद का पता लगाना उसके लिए भी बड़ी चुनौती होगी।



■ गैंगस्टर नंदू सांगवान ने ली है इनेलो हरियाणा अध्यक्ष हत्याकांड की जिम्मेदारी

## सार संक्षेप

### चंडीगढ़ की यात्रा पर जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को चंडीगढ़ की यात्रा पर जाएंगे व पंजाब विश्वविद्यालय के एक समारोह में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि उपराष्ट्रपति सात मार्च को चंडीगढ़ का दौरा करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान, धनखड़ पंजाब विवि के 71वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### एनआईए ने बेंगलुरु विस्फोट मामले में की छापेमारी

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में मंगलवार को चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। रिपोर्ट के मुताबिक करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर औपचारिक मामला दर्ज करके जांच अपने हाथ में लेने के एक दिन बाद, यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी।

### झारखंड में पांच आईएएस अफसरों का तबादला

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंगलवार को पांच आईएएस अफसरों का तबादला किया है। साथ ही एक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस संबध में राज्य के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे को स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण विभाग का प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी को खान एवं भूतत्व विभाग का सचिव बनाया गया है।

### तमिलनाडु के हितों की अनदेखी करते हैं मोदी : स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रदेश के हितों की अनदेखी करने और बाढ़ राहत के लिए एक भी पैसा जारी किए बिना केंद्र की सत्ता में बने रहने के लिए राज्य का बार-बार दौरा कर लोस चुनाव से पहले लोगों से वोट मांगने तथा यहां की वास्तविक मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं वितरित करने के बाद स्टालिन के कहा कि मोदी की चाल काम नहीं करेगी व लोग ऐसी रणनीति से धोखा नहीं खाएंगे।

# देश में बेरोजगारी के मुद्दे पर एमवीए यूथ इकाई ने मोदी सरकार को घेरा

## युवाओं को बेरोजगारी की खाई में धकेलने का लगाया आरोप

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की युवा इकाइयों के गठबंधन ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ बिगुल फूंकने का फैसला किया है। इस मुद्दे को लेकर और मोदी सरकार को घेरने के उद्देश्य से 'युवा महाराष्ट्राभिमान मेला' छह मार्च को यशवंतराव चव्हाण केंद्र में आयोजित किया जाएगा और युवा अघाड़ी की भविष्य की दिशा तथा चुनाव योजना तय की जाएगी। गठबंधन की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक प्रेस बयान के मुताबिक मोदी देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आए थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद दूरदर्शिता के अभाव वाले मोदी ने बिना सोचे-समझे महज दिखावे के लिए कुछ फैसले लिए और इसके कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। साथ ही देश के युवाओं को बेरोजगारी की खाई में धकेल दिया गया है। कांग्रेस, यूबीटी और राकांपा (शरद गुट) के युवा गठबंधन की बैठक मुंबई में हुई।



इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा की योजना और उसमें युवाओं को कैसे शामिल किया जाए, इस पर चर्चा हुई। चाहे वह बेरोजगारी हो या पेपर लीक की घटनाओं पर सरकार की सुविधाजनक चुप्पी, यह निर्णय लिया गया है कि युवा संगठन युवाओं के मुद्दों पर ध्यान दें और राज्यवार बैठकें करें, ताकि उन मुद्दों पर चर्चा की जा सके।

**मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर कसा तंज**

# युवाओं को नौकरी देने का वादा निकाल जुमला

**लखनऊ,** 5 मार्च (देशबनधु)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल के पहले विस्तार के शपथ ग्रहण समारोह पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने युवाओं को भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का नारा दिया। यादव ने मंगलवार को भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद एक्स पर पोस्ट किया शपथ के सामने दूसरी शपथ। हम बेरोजगार पेपरलीक से प्रताड़ित नौकरी के लिए भटक रहे युवा अपने भविष्य को बचाने के लिए ये शपथ लेते हैं कि हम ऐसे दलों को ही वोट देंगे जिनका लक्ष्य नौकरी-रोजगार देना है। साथ ही ये भी शपथ लेते हैं कि हम सक्रिय होकर अपने परिवार और आस-पास के मतदाताओं को सौहार्दपूर्ण-सकारात्मक राजनीति के लिए जागरूक करेंगे व आगामी लोकसभा चुनाव में संविधान में विश्वास करेन वाले दलों को जिताने के लिए समाज से खुलकर अपील करेंगे। हम इस नारे को हर परिवार, हर युवक-युवती तक पहुंचाने की भी शपथ लेते हैं भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ।

**युवाओं को भाजपा हटाओ, नौकरी पाओ का दिया नारा**



उत्तर प्रदेश की सात साल की भाजपा सरकार बताए नौजवानों को कितनी नौकरियां दीं : अखिलेश यादव

इससे पहले सपा प्रमुख ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा नौजवानों को दो करोड़ नौकरी प्रतिवर्ष देने का वादा करके सत्ता आयी थी। केंद्र की भाजपा सरकार के 10 वर्ष में और उत्तर प्रदेश की सात साल की भाजपा सरकार बताए कि नौजवानों को कितनी नौकरियां दी। सरकार का विदेशी पूंजीनिवेश लाने और युवाओं को नौकरी देने का वादा भी जुमला साबित हुआ। न निवेश आया और न ही किसी बेरोजगार को नौकरी मिली। कोविड काल में युवाओं की नौकरियां चली गई और कारखाने बंद हो गये। जो कारखाने चल भी रहे थे वह आज बंद होने के कगार पर है। करोड़ों की संख्या में नौजवान बेरोजगार हुए। आज बेरोजगारी चरम पर है।

### भाजपा ने नौजवानों की नौकरी छीनने का किया काम

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने नौजवानों की नौकरी छीनने का काम किया है। जबसे भाजपा की डबल इंजन सरकार सत्ता में आयी है नौजवानों की नौकरियां छीनी जा रही है। सरकारी या गैरसरकारी संस्थानों की नौकरी में लोगों की छंटनी हो रही है। आज बेरोजगारी के चलते नौजवान युद्धग्रस्त देशों में नौकरी करने के लिए विवश है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के चलते युवा नौजवान के सामने रोटी-रोजी का संकट है। अभी पिछले दिनों प्रदेश के हजारों नौजवान युद्धग्रस्त इजरायल में नौकरी पाने की लाइन में लगे दिखे। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते नौजवानों की जिंदगी इस कदर नरक बन गई है कि उनके सामने कोई दूसरा विकल्प भी नहीं बचा है। देश का थका-हारा नौजवान अब भाजपा सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव में बेरोजगार बनाने के लिए कृतसंकल्पित है।

**पाकिस्तान समर्थक नारे विवाद पर बोले शिवकुमार**

# पुलिस को सख्त कार्रवाई का है आदेश

**बेंगलुरु,** 5 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने अपने सदाशिवनगर आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने के मामले की जांच में पुलिस को खुली छूट दे दी है। हम पुलिस कार्रवाई में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य गृह मंत्री पहले ही इस संबंध में बयान दे चुके हैं। राज्यसभा सांसद भी पहले ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। भाजपा को कई निजी रिपोर्ट मिल सकती हैं, लेकिन वे आधिकारिक रिपोर्ट नहीं हैं। पुलिस व्यापक जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।



पुलिस कार्रवाई में किसी भी तरह से हम नहीं करेंगे हस्तक्षेप : शिवकुमार

पत्रकारों ने उनसे पूछा, कुछ कांग्रेस मंत्रियों ने बयान दिया है कि विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारे नहीं लगाए गए। एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, एआईसीसी सचिव, मुख्यमंत्री और मैंने एक बैठक की जिसमें गारंटी समितियों में पार्टी कार्यकर्ताओं को समायोजित करने पर चर्चा हुई। गारंटी समितियों के लिए 4 हजार से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं को नामांकित किया जाएगा। सात मार्च को दिल्ली में कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक होगी और नामांकन को लेकर फैसला लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक सरकार को ईमेल के जरिए बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हाल ही में हुए विस्फोट की तर्ज पर सिलसिलेवार बम विस्फोटों की धमकी मिली है। धमकी भरा मेल कर्नाटक सीएम, डिप्टी सीएम, गृह मंत्री और बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के आधिकारिक ईमेल पर भेजा गया है।

### पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया

इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। पुलिस जांच से सच सामने आ जाएगा। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस उस घटना की भी जांच करेगी जिसमें भाजपा के एक कार्यकर्ता ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए थे। शहर में पीने के पानी की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं। हम शहर के आसपास पानी के अच्छे स्रोतों की भी पहचान कर रहे हैं।

## टिकट कटने के बाद प्रज्ञा सिंह ने दिखाए तेवर

**सीहोर/भोपाल,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भोपाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चर्चित नेता प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने इस बार लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। उनका एक वीडियो आज वायरल हुआ, जिसमें वे अपने संसदीय क्षेत्र में एक शराब दुकान अवैध रूप से संचालित होने का आरोप लगाते हुए उसका ताला तोड़ देती हैं। ठाकुर का कहना है कि सीहोर जिले के खजुरिया क्षेत्र में एक शराब दुकान अवैध रूप से संचालित है और उसके पास ही एक स्कूल है। उनका कहना है कि इस शराब दुकान को भाजपा विधायक सुदेश राय का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने मौके पर पहुंचकर इस दुकान का ताला तोड़ दिया। इस दौरान एक सरकारी कर्मचारी उनसे ऐसा नहीं करने की मिन्नतें करता रहा।

# लालू को सिर्फ दिखता है अपना परिवार : सम्राट चौधरी

**पटना,** 5 मार्च (देशबन्धु)। पटना में महागठबंधन की रैली के दौरान तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को बड़बोला बताकर जोरदार हमला किया था। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने अब तेजस्वी पर पलटवार किया है। सम्राट ने तेजस्वी को बच्चा बताते हुए कहा कि किसी बच्चे के बयान पर क्या बोलना है। जन विश्वास रैली के दौरान तेजस्वी यादव के यह कहने पर कि सम्राट चौधरी 2014 के बाद कोई चुनाव नहीं लड़े हैं, इस पर उन्होंने कहा कि अभी वे बच्चे हैं, किसी बच्चे पर बहुत बयान क्या देना? जितना उम्र नहीं है उससे ज्यादा सदन में रह लिया। अभी बच्चे का उम्र नहीं हुआ है। पांच पार्टी बदलने के सवाल पर सम्राट ने कहा कि उनको गिनती नहीं पता है अब बच्चे को गिनती भी सीखाना पड़ेगा। वहीं लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए सम्राट ने कहा कि हम हैं या पूरा भाजा परिवार या देश के नौजवान और गरीब सब मोदी के परिवार हैं। लालू प्रसाद को सिर्फ और सिर्फ अपना परिवार दिखता है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपनी पत्नी और बेटा-बेटी की चिंता है लेकिन नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है। नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार माना है। डीएमके नेता द्वारा यह कहने पर कि वे भारत माता की जय नहीं मानते, इस पर सम्राट ने कहा कि इंडिया गठबंधन के जितने भी लोग हैं इन लोगों को सिर्फ मैं से मतलब है। किसी को अपने परिवार के लिए टूजी चाहिए तो किसी को थ्री जी पॉलिटिक्स चाहिए।



तेजस्वी यादव पर कसा तंज


**तैयारी** — सर्दियों के बाद बसंत के मौसम के पर्यटन के लिए तैयार हो रहा कश्मीर

# कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता का अनुभव करने को पर्यटक उत्सुक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 5 मार्च (देशबन्धु)। यह बात अलग है कि कश्मीर में पल पल रंग बदलता मौसम इस बार सर्दी के मौसम में ही बसंत की झलक दिखला चुका है उसके बावजूद सभी को उम्मीद है कि सर्दियों के बाद, बसंत का मौसम भी कश्मीर पर्यटन का सबसे व्यस्त अवधि होने वाला है क्योंकि ट्रैवल एजेंटों को आगामी महीनों के लिए थोक बुकिंग मिलने लगी है।**

लंबे समय तक शुष्क सर्दियों की अवधि के बावजूद, देर से हुई बर्फबारी ने कश्मीर में शीतकालीन पर्यटन को पुनर्जीवित कर दिया क्योंकि फरवरी के लिए अधिकांश होटल और हाउसबोट भरे हुए थे। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, अब कश्मीर के ट्रैवल एजेंट बसंत के मौसम के लिए बुकिंग में व्यस्त हैं, जिससे पर्यटकों का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। पारंपरिक रूप से बसंत ऋतु को कश्मीर की यात्रा के लिए सबसे अच्छे समय में से एक माना जाता है, क्योंकि इस क्षेत्र की हरी-भरी घाटियों में ट्यूलिप, बादाम के फूल और जीवंत जंगली फूलों के खिलने के साथ एक लुभावनी परिवर्तन होता है। ट्रैवल एजेंटों का दावा कि उन्हें मार्च, अप्रैल और मई महीने के लिए थोक बुकिंग मिल रही हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन आफ कश्मीर के अध्यक्ष रऊफ अहमद तरांबू कहत थे कि हम आगे एक अच्छे सीजन की उम्मीद कर रहे हैं। बसंत के महीनों के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग आ रही हैं। हम आगामी बसंत सीजन के लिए पूछताछ और बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। उनका कहना था कि लोग वर्ष के इस समय के दौरान कश्मीर की अद्वितीय सुंदरता का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं और हम उन्हें यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हैं। तरांबू के बकौल, आगंतुकों में वृद्धि की प्रत्याशा में, कश्मीर में ट्रैवल एजेंट विभिन्न रुचियों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए विशेष पैकेज तैयार करने में व्यस्त हैं। तरांबू कहते थे कि पर्यटकों की भारी भीड़ को पूरा करने के लिए तैयारी चल रही है। जहां फरवरी कश्मीर पर्यटन के लिए एक अच्छा महीना रहा है, वहीं मार्च भी आशाजनक लग रहा है। अप्रैल, मई और जून के लिए, बड़ी संख्या में बुकिंग आ रही हैं। यही नहीं पर्यटकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, ट्रैवल एजेंट कई अनुकूलन योग्य पैकेज पेश करते हैं जिनमें आवास, परिवहन, निर्देशित पर्यटन और बाहरी गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष छूट और ऑफर पेश किए जा रहे हैं। एक ट्रैवल एजेंट उमर अहमद कहते थे कि बसंत के मौसम के दौरान, बादामवारी, ट्यूलिप गार्डन और शहर के बाहरी इलाके जैसे स्थान प्रमुख आकर्षण बने रहते हैं। इसलिए, हम बसंत ऋतु के लिए इन सभी स्थानों को अपने पैकेज में संशोधित और शामिल कर रहे हैं। इसके अलावा, हम अपने पर्यटकों को अच्छी छूट भी प्रदान करने वाले हैं।



■ पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिले

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!

# एनडीएमसी बैठक में कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

## एनडीएमसी स्कूलों के छात्रों को मिलेगा गर्म और ताजा पका हुआ खाना

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (देशबन्धु)। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद एनडीएमसी की मंगलवार को हुई परिषद की बैठक में नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

■ **जेजे क्लस्टर में पाइप से पानी का मिलेगा कनेक्शन**

इन प्रस्तावों में मध्याह्न भोजन योजना, सेल्यूलर मोबाइल टावर का अधिकार नीति, जेजे क्लस्टर में पाइप से पानी कनेक्शन, कुशक नाले में पानी की गुणवत्ता में सुधार, उचित सी एंड डी अपशिष्ट निपटान द्वारा वायु गुणवत्ता में सुधार, पीपीपी मॉडल पर शौचालयों के लिए विज्ञापन अधिकार विषयों पर परिषद की मंजूरी शामिल है।ढन्एनडीएमसी की मंगलवार को आयोजित परिषद बैठक की अध्यक्षता पालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलचीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी और गिरीश सचदेवा शामिल रहे।



बैठक में परिषद ने अटल आदर्श बंगाली गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोल मार्केट में अपनी लागत पर एक सेमी-ऑटोमेटेड किचन स्थापित करने के लिए एनजीओ, स्वैच्छिक संगठनों के चयन के लिए एक आरएफपी प्रकाशित करने की मंजूरी दी। पीएम पोषण योजना के तहत गोल मार्केट क्षेत्र में एनडीएमसी नवयुग स्कूलों के 7000-8000 छात्रों के लिए एनडीएमसी द्वारा तय किए गए मेनू के अनुसार, ताजा पका हुआ गर्म मध्याह्न भोजन पकाने, आपूर्ति करने और परोसने के लिए पहले तीन साल के लिए मंजूरी दी, जिसे उप-समिति की सिफारिशों के साथ मध्याह्न भोजन आपूर्तिकर्ता के संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन 2 साल तक और बढ़ाया जा सकता है। बैठक में जल शक्ति मंत्रालय की जल जीवन योजना के तहत एनडीएमसी क्षेत्र में जेजे क्लस्टर के प्रत्येक घर को व्यक्तिगत जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया। अमृत 2.0 योजना के तहत परिषद ने जेजे क्लस्टर और शेष अनधिकृत कॉलोनियों में व्यक्तिगत पाइप जल कनेक्शन के कार्य के लिए 12.73 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय मंजूरी प्रदान की है। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई जिसमें एनडीएमसी क्षेत्र में जल आपूर्ति का सुदृढ़ीकरण आदि।

**इन प्रस्तावों को दी गई मंजूरी**
- मध्याह्न भोजन योजना
- सेल्यूलर मोबाइल टावर का अधिकार
- जेजे क्लस्टर में पानी कनेक्शन
- कुशक में पानी की गुणवत्ता में सुधार
- उचित सी एंड डी अपशिष्ट निपटान
- वायु गुणवत्ता में सुधार
- शौचालयों के लिए विज्ञापन अधिकार

# संगम विहार पहुंचे उपराज्यपाल कहा नारकीय जीवन जी रहे लोग

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में मूलभूत जन सुविधाओं को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ने इन समस्याओं के एक लिए एक दूसरे पर निशाना साधा है।

दरअसल, उपराज्यपाल वीके सक्सेना अनधिकृत कॉलोनियों के दौरे पर हैं। इसी के तहत सोमवार देर शाम एलजी दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार क्षेत्र में पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। उनकी बाद लोगों से समस्या जानी। लोगों ने उन्हें बताया कि लंबे समय से यहां सड़क टूटी हुई है। नालियां बंद हैं। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हैं। इसपर उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार पर सीधा निशाना साधा।

एलजी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर सोमवार को संगम विहार गया था। नौ साल के शिगूफा के बावजूद इलाके में रह रहे 20 लाख से ज्यादा लोग मूलभूत जन सुविधाओं से वंचित, नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। यहां न तो सड़कें हैं, न सीवर, न कूड़े की सफाई हो रही है।



■ **मूलभूत जनसुविधा को लेकर एलजी-सीएम आमने-सामने**
■ **मुख्यमंत्री ने दिए सात दिनों में समस्या दूर करने के आदेश**

लटकती बिजली की तारें खतरनाक हैं। और उबड़-खाबड़ सड़क पर मेरे सामने ही रिक्शा पलटा और एक महिला घायल हुई। उफनती नालियां, कचरे के ढेर और सीवर के बदबूदार पानी से भरी गलियां, भारत की राजधानी में होंगी, देश इसकी कल्पना नहीं कर सकता।

### विपक्ष की भूमिका निभा रहे एलजी

एलजी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल पर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने हमारी कमियां बतायी। इसके पहले आपने किराड़ी और बुराडी की कमियों को भी उजागर किया था। मुख्य सचिव को आदेश दे रहा हूं कि वो सात दिन के अंदर इन सभी इलाकों की इन सभी कमियों को दूर करे। जो काम आप कर रहे हैं, वो काम विपक्ष को करना चाहिए था। सत्ता पक्ष की कमियां निकालना विपक्ष का काम है। दुर्भाग्यवश, आज विपक्ष यानि बीजेपी के सातों सांसद राजनीति से सन्यास लेने में व्यस्त हैं। आठों विधायक गहरी निद्रा में सोये हैं। यही कारण है कि दिल्ली की सत्ता पिछले 26 साल से भाजपा से दूर है।

## सार संक्षेप

### भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ ने किया विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह के नेतृत्व में प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में अरविंद केजरीवाल की तुलना भगवान श्री राम से और भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद सत्येन्द्र जैन की तुलना संकटमोचन हनुमान जी से करने के विरोध में मंगलवार को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। विरोध प्रदर्शन के बाद करनैल सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस डिटेन कर बुराड़ी थाना ले गई। विरोध प्रदर्शन में सभी जिलों के मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक एवं मंडल संयोजक सहित हज़ारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। करनैल सिंह ने कहा कि सोमवार को सदन के अंदर वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की तुलना भगवान राम से की है ये बिल्कुल गलत है और यह पूरे सनातन धर्म का अपमान है। जिस व्यक्ति का नाम शराब घोटाले में हो उसकी तुलना भगवान राम से कैसे की जा सकती है। उन्होंने सत्येंद्र जैन को भूमाफिया बताया और कहा कि आतिशी को तुरंत दिल्ली के लोगों से और देश के लोगों से लिखित रुप में माफी मांगनी चाहिए। यह सनातन धर्म का अपमान है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी हिंदू आम आदमी पार्टी के नेता हमेशा से बनते हैं लेकिन इस बार दिल्ली किसी भी झासे में नहीं आने वाला है।

### महिलाओं के लिए भत्ता केजरीवाल की चुनावी चाल : प्रवीण



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अच्छा है कि दिल्ली सरकार की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए धनराशि भत्ता देने की इच्छा है और जल्द ही आवेदन मांगेगी। दिल्ली भाजपा मुख्य मंत्री से जानना चाहती है कि क्या सभी प्रशासनिक मंजूरियां एकत्र करके धनराशि वितरण की घोषणा शुरुआत की जा रही है। मेरे ज्ञान के अनुसार, यह सिर्फ एक और चुनावी चाल है, जिस अरविंद केजरीवाल सरकार ने पिछले कई सालों से वृद्धावस्था पेंशन और विकलांग पेंशन का नियमित वितरण नहीं किया है वह चुनाव वर्ष में नई घोषणा ले आई है। 2017 से कोई नई वरिष्ठ नागरिक पेंशन स्वीकृत नहीं की गई है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब में जहां आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को धनराशि की घोषणा की और शुरू की, वहां भी समाचारों से जानकारी है कि वहाँ इसे कई महीनों से वितरित नहीं किया जा रहा है।

### अटॉर्नी जनरल ने इंडो-यूएस सहयोगी लॉ प्लेटफॉर्म पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कानून और न्याय के क्षेत्र में आदान-प्रदान के हेतु जीवंत मंच बनाने के लिए एक इंडो-यूएस कम्प्रेटिव एंड कोलेबोरेटिव प्लेटफॉर्म भारत-अमेरिका तुलनात्मक और सहयोगी कानून मंच स्थापित करने का आह्वान किया। इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स आईएसीसी द्वारा आयोजित पहले इंडिया-यूएस लीगल सर्विसेज समिट ऑन इंडो-यूएस कोऑपरेशन ऑन कॉर्पोरेट एंड लीगल इश्यूज को संबोधित करते हुए, अटॉर्नी जनरल ने कहा कि वैश्विक नॉलेज और संसाधनों और वैश्विक कानूनी सामान्य आधार वाले वैश्विक सम्मेलन की आवश्यकता है। उनका विचार था कि भारतीय लोग अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने कानूनी क्षेत्र में भी प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भारतीयों का महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होना एक ग्रेट स्टोरी है।

# अमर कॉलोनी में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग की शुरुआत

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने मंगलवार को समुदाय भवन, अमर कॉलोनी लाजपत नगर में ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का उद्घाटन किया। 81 कारों की क्षमता वाली इस पार्किंग के बनने से अमर कॉलोनी की व्यस्त मार्केट और स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़कों पर आवागमन बेहतर होगा।

इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के अमर कॉलोनी मार्केट के लिए पार्किंग एक बड़ी समस्या थी। इस समस्या का आज समाधान कर दिया गया है। दिल्ली के बाकी स्थानों पर भी पार्किंग एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दिल्ली की जनता पार्किंग की समस्या से जूझ रही है। पार्किंग ना होने के चलते मार्केट का व्यापार प्रभावित होता है। इस पार्किंग के बनने से अब अमर कॉलोनी मार्केट के दुकानदारों को लाभ होगा और उनके व्यापार में भी तरक्की आएगी।



■ **दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने किया उद्घाटन**

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि उन्होंने दो महीने पहले ही इस पार्किंग का निरीक्षण किया था और इसके निर्माण कार्य को तेज करने के निर्देश दिए थे। परिणामस्वरूप इस कार्य को त्वरित गति से पूरा किया गया। अब इसे जनता को समर्पित कर दिया गया है। दुकानदार, ग्राहक, और स्थानीय लोग अब इस पार्किंग सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सपना लोगों को अधिकतम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का है। इसी नीति के तहत हम दिल्ली नगर निगम के माध्यम से साफ-सफाई, पार्किंग, उद्यान, स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि अमर कॉलोनी के क्षेत्रवासियों के लिए बेहद खुशी का पल है। पिछले कुछ समय में त्वरित गति से कार्य होने के चलते इस पार्किंग का लोकार्पण संभव हो सका है। सभी लोगों को इसका बखूबी लाभ मिलेगा। दिल्ली नगर निगम द्वारा तेजी से दिल्ली का विकास किया जा रहा है। आने वाले समय में जल्द ही इसके परिणाम दिखने लगेंगे। स्थानीय विधायक मदन लाल ने कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या और अधिकतर घरों में पार्किंग सुविधा ना होने के चलते लोगों को काफी असुविधा होती है। दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्मित इस पार्किंग से निश्चित ही स्थानीय निवासियों के काफी राहत मिलेगी।

**लोकतंत्र का उद्देश्य जनता को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराना है : सोमनाथ भारती**

सोमनाथ भारती ने कहा कि लोकतंत्र का उद्देश्य जनता को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराना है। हम सभी को मिलकर इसी उद्देश्य के लिए कार्य करना है।

# प्रेमी से मिलाने के बहाने युवती को बनाया हवस का शिकार

**नई दिल्ली**,5 मार्च (एजेंसियां)। झगड़ा होने के बाद प्रेमी ने प्रेमिका को छोड़ दिया था। प्रेमिका चाहती थी कि उसका प्रेमी दोबारा से उसके पास आ जाए। जब कहीं से भी कोई रास्ता दिखाई नहीं दिया तो उसे टैरो कार्ड रीडर के बारे में पता लगा।

प्रेमिका मदद के लिए जब टैरो कार्ड रीडर के पास गई तो टैरो कार्ड रीडर ने उसे ही अपनी हवस का शिकार बना लिया। युवती की शिकायत पर कापसहेड़ा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर करीब एक हजार किलोमीटर तक पीछा कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान उत्तराखंड़ के उधमपुर के रुद्रपुर के सिद्धांत जोशी के रूप में हुई है।

आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहिण मीणा ने बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को युवती से दुष्कर्म की शिकायत मिली थी।





■ **चुनावी बॉण्ड को लेकर संसद भवन के सामने प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्य।** फोटो : इम्तियाज

# आम आदमी पार्टी के बलबीर सिंह जाखड़ भाजपा में शामिल





**नई दिल्ली**, 5 मार्च (देशबन्धु)। आप के प्रत्याशी रहे बलबीर सिंह जाखड़ मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

बलबीर सिंह जाखड़ के अलावा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में वरिष्ठ वकील लोकेश वर्मा, पूर्व निगम पार्षद और आप नेता राज खुराना एवं पूजा मदान रही। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व महापौर आरती मेहरा, ओ.बी.सी. मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव, मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल, लीगल सेल एडवोकेट नीरज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि समाज के हर वर्ग और नारी शक्ति को आगे बढ़ाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है और उसे उन्होंने करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में महिला शक्ति को जो बढ़ावा दिया है, वह अदभुत है क्योंकि जब हम 26 जनवरी की परेड देखते हैं तो पाते हैं इस बार के कार्यक्रम में 70 फीसदी महिलाओं ने भाग लिया। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल ने कल घोषणा की वह 18 साल से अधिक आयु की महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह दिया जाएगा लेकिन उन्होंने यह जवाब नहीं दिया कि आखिर पिछले पांच सालों से वृद्धा पेंशन क्यों नहीं मिला है।


**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फार्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82244778 | सर्जिकल एनयू-केएनआईटी या समतुल्य भिन्न आकार और बॉक्स इकाइयां। यूएसएफडीए/बीआईएस ने एनआरसीएच को पिछली शिकायत मुक्त आपूर्ति को मंजूरी दी | 40 | 28.03.2024 |

**निविदा शर्तें**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
**टेंडर नोटिस सं**:- सर्जरी आइटम **दिनांक: 04.03.2024**

693/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

| अनुभाग | दिनांक |
|---|---|
| "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएचः 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएचः 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण। | 05.03.2024 |

**एसी 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय**
**"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:- "दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत डोभ स्थान संख्या 07/10ए(एन) (सीएचः 7/612) से हांसी स्थान संख्या 70/7 (सीएचः 70/200) के बीच डोभ, हांसी में एसपी, सोरखी और मोखरा में एसएसपी के साथ, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत मुख्य लाइन का ऊर्जीकरण, जिसमें मोखरा मदीना, माहेम, मुंढाल कलां और गढ़ी यार्ड शामिल हैं, हांसी और डोभ यार्ड लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स-ओवर मुख्य लाइन, डोभ से हांसी के बीच सहायक ट्रांसफार्मर का ऊर्जाकरण।। 4.78 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।
जनता को सूचित किया जाता है कि वे वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।
अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:-
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii) ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा।
iii) कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथी मंजिल
डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

704/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं.-1, नॉलेज पार्क-IV, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर - 201308, उ0प्र0
वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल : authority@gnida.in

पत्रांक : वरि0प्र0/(ई-निविदा सेल)/2024/501ए दिनांक : 05 मार्च, 2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबन्धक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा की ओर से ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-वरि0प्र0/(ई-निविदा सेल)/2024/501 दिनांक 05/03/2024 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या-01 से 20 तक के कार्य की ई-निविदायें आमन्त्रित जाती हैं। समस्त नियम व शर्ते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइटः www.greaternoidaauthority.in पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईटें देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| **निर्माण कार्य** | | |
| 1. | सैक्टर-स्वर्ण नगरी में शॉपिंग सेन्टर की मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 15.31 लाख |
| 2. | ग्राम भनोता में शमशान घाट में मरम्मत कार्य एवं शेड चबूतरा का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-2) | रू0 21.68 लाख |
| 3. | सैक्टर- बीटा-1 में शॉपिंग सेन्टर की मरम्मत एंव पैटिंग का कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 25.26 लाख |
| 4. | ग्राम क्यामपुर की कृषक आबादी भूखण्डों में सी.सी. रोड़ की रिपेयरिगं एवं सीवर व ड्रैन का निमार्ण कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 31.58 लाख |
| 5. | ग्राम कनारसी एवं रोशनपुर में 3 नग तालाबों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 39.53 लाख |
| 6. | ग्राम देवटा में 2 नग तालाबों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 45.47 लाख |
| 7. | ग्राम चचूला एवं पीपलका सूरतपूर में 3 नग तालाबों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 52.98 लाख |
| 8. | ग्राम आजमपुर गढी, खेरली, हाफिजपुर एवं अस्तौली में 4 नग तालाबों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 53.98 लाख |
| 9. | ग्राम घरबरे के कम्पोजिट स्कूल में कमरे, बरामदा एवं पाथ-वे का निमार्ण कार्य एवं विभिन्न कमरों की मरम्मत का कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 65.49 लाख |
| 10. | ग्राम चिपयाना बुजुर्ग एवं शाहबेरी में तीन वर्ष का अनुरक्षण कार्य एवं आर.सी.सी. पुलिया का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-1) | रू0 66.08 लाख |
| 11. | ग्राम घंघोला में 4 नग तालाबों का विकास कार्य। (वर्क सर्किल-8) | रू0 76.49 लाख |
| 12. | ग्राम पाली (पाकेट-सी एवं. डी.) में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का अवशेष विकास कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रू० 131.87 लाख |
| **सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य** | | |
| 13. | ग्राम हजरतपुर में 3 मी० चौड़ी महुँच मार्ग की रिसरफेसिंग का कार्य। (वर्क सर्किल-6) | रू0 54.89 लाख |
| **विद्युतीकरण का कार्य** | | |
| 14. | ग्रेटर नौएडा में सैक्टर-गामा-1, 2 एवं डेल्टा-1, 2, के सामुदायिक भवन के आन्तरिक विद्युतीयकरण का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-2) | रू0 15.75 लाख |
| 15. | ग्रेटर नौएडा में सैक्टर-बीटा-1 एवं बीटा-2, के सामुदायिक भवन के आन्तरिक विद्युतीयकरण का कार्य एवं ग्राम मलकपुर के शमशान घाट में लाईट लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-2) | रू0 22.15 लाख |
| 16. | ग्रेटर नौएडा में सूरजपुर कोर्ट में एल.ई.डी. हाई मास्ट लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-2) | रू0 23.56 लाख |
| 17. | ग्रेटर नौएडा के ग्राम पौवारी स्थित गौशाला में विद्युतीयकरण का कार्य । (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-3) | रू0 25.79 लाख |
| 18. | ग्राम बोडाकी में बारात घर, सामुदायिक केन्द्र एवं प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय खेल मैदान शमशान घाट और कब्रिस्तान में आन्तरिक विद्युतीकरण और स्ट्रीट लाइट /हाई मास्ट लगाने का कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-2) | रू0 31.22 लाख |
| 19. | ग्राम घरबरा में 6 प्रतिशत आबादी भूखण्डों का विद्युतीयकरण का कार्य। (वर्क सर्किल-ईएण्डएम-3) | रू0 38.24 लाख |
| **आर्दश ग्राम** | | |
| 20. | ग्राम साकीपुर का स्मार्ट गांव के रूप में विकास कार्य। (वर्क सर्किल-5) | रू0 546.38 लाख |

क्रम सं0-01 से 19, पर अंकित कार्य दिनांक- 07.03.2024 से 18.03.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 20.03.2024 को 11:00 बजे एवं क्रम सं0-20, पर अंकित कार्य दिनांक-07.03.2024 से 20.03.2024 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 22.03.2024 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

वरिष्ठ प्रबंधक (ई-निविदा सेल)

Follow US On / OfficialGNIDA

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

आज पूरा विश्व दो से तीन प्रतिशत की दर से विकास कर रहा है। जबकि भारत में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 प्रतिशत से अधिक है। निवेशकों को इसका लाभ उठाना चाहिए। सूर्य कांत शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही हमने पैसे का महत्व समझना चाहिए।

डॉ. नीलम टंडन, बीइंग फाउंडेशन निदेशिका

## हाईटेक बन रहा है निगम का आईसीसीसी सेंटर

**गाजियाबाद,** 5 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम स्मार्ट वर्किंग की तरफ अग्रसर हो रहा है जिसके लिए लगातार संबंधित टीम वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निर्माण विभाग का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, आईटी विभाग का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

- **नगर आयुक्त ने लिया जाएजा**
- **टीम को तेजी से कार्य करने के दिए निर्देश**

नगर आयुक्त ने बताया कि आधुनिक युग में गाजियाबाद नगर निगम हाईटेक पद्धति की तरफ अग्रसर है तथा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के बेसमेंट में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाने की तैयारी चल रही है। जो कि लगभग पूर्ण हो चुकी है। आगामी दिवसों में, सेंटर की शुरुआत की जाएगी, आई ट्रिपल सी सेंटर में 35 से 40 कंप्यूटर या लैपटॉप सिस्टम लगाए जाएंगे तीन स्थानों पर बड़ी-बड़ी एलईडी लगाई जाएगी तथा आईटी से संबंधित ट्रेंड स्टाफ को जिम्मेदारी दी जाएगी जिनके द्वारा शहर की समस्याओं के समाधान को हाईटेक तकनीकी के माध्यम से सरलता से किया जाएगा।



**अधिकारियों की स्मार्ट वर्किंग से शहर हित में बढ़ेगी कार्यों की रफ्तार : नगर आयुक्त**

इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों पर भी नजर बनाई जाएगी, सेफ सिटी के अंतर्गत चल रही कैमरा इंटीग्रेशन की योजना को भी इसी केंद्र के माध्यम से संचालन में लिया जाएगा, शहर वासियों की जन समस्याओं को निपटने के लिए कॉल सेंटर की व्यवस्था भी इसी केंद्र के माध्यम से की जाएगी शहर में गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनीटरिंग भी आई ट्रिपल सी सेंटर के माध्यम से ही होगी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में, गाजियाबाद नगर निगम में बनाए जा रहे आई ट्रिपल सी सेंटर से शहर की समस्याओं का हाईटेक तकनीकी से तत्काल समाधान हुआ करेगा तथा अधिकारी भी चल रहे कार्यों पर पूरी मॉनिटरिंग रखेंगे।

### संभव में प्राप्त हुए 18 संदर्भ, नगर आयुक्त ने अधिकारियों सहित की जनसुनवाई

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संभव जनसुनवाई में जन समस्याओं को सुना गया लगभग 18 संदर्भ संभव के दौरान प्राप्त हुए, निर्माण विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 4, टैक्स विभाग से 4, जलकल विभाग से 4, पशु चिकित्सा विभाग से 1 तथा उद्यान से 1 संदर्भ प्राप्त हुआ जिस पर नगर आयुक्त द्वारा तत्काल कार्रवाई कराई गई। जलकल विभाग से संबंधित सबसे कम शिकायत प्राप्त हुई, संभव में समस्त विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि संभव में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में क्षेत्रवार टीम मौके पर कार्रवाई भी कर रही है। डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, प्रकाश प्रभारी आस कुमार व अन्य संबंधित टीम उपस्थित जिनके द्वारा प्राप्त समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही कराई गई अधिकांश समस्याएं पटेल नगर सेकंड, राजेंद्र नगर, प्रताप विहार सेक्टर-11, अर्थला, नंदग्राम, चिरंजीव विहार गोविंदपुरम की शिकायती प्राप्त हुई।



## सबसे ज्यादा मत से जीत हासिल करने वाले विधायक हैं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**गाजियाबाद,** 5 मार्च (देशबन्धु)। तीन बार विधायक बनने वाले सुनील शर्मा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेटमंत्री बन गए हैं। सुनील शर्मा का राजनीतिक सफर भाजपा के मंडल अध्यक्ष से शुरू हुआ था और आज वह मंत्री तक पहुंच चुके हैं। जहां तक पिछले चुनाव की बात करें तो वह ऐसे विधायक हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटो से जीत हासिल की थी। सुनील शर्मा पेशे से वकील हैं और स्नातकोत्तर एलएलबी की डिग्री हासिल किए हुए हैं। वह अपने राजनीतिक जीवन में न केवल तीन बार विधायक बल्कि कई अन्य जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। सुनील शर्मा मूल रूप से गाजियाबाद के ही रहने वाले हैं और उनका उनकी जन्मतिथि 11 मार्च 1962 है और इसी मार्च माह में वह उत्तर प्रदेश के मंत्री बन गए हैं। यानि एक तरह से उनके जन्म दिन से पहले तोहफा मिल गया गया। इतना ही नहीं अपने राजनीतिक सफर के दौरान शर्मा राम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गए थे और सहारनपुर की सेंट्रल जेल में कई दिनों तक रहे थे। उसके बाद उन्होंने राजनीति में लगातार सक्रिय रहे और लगातार आगे बढ़ते गए मंडल अध्यक्ष से शुरुआत करने वाले सुनील शर्मा भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष व बाद में भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे। 2007 में पहली बार गाजियाबाद विधानसभा से विधायक चुने गए। इस दौरान वह 2010 से लेकर 12 तक महिला एवं बाल विकास संबंधी समिति के सदस्य रहे। 2012 के चुनाव में वह बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अमरपाल से चुनाव हार गए। इसके बाद 2017 में साहिबाबाद विधानसभा का सृजन होने के बाद वह फिर अमरपाल शर्मा के सामने चुनाव लड़े और रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2022 के चुनाव में उन्होंने तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए। 67.03 प्रतिशत मत प्राप्त करके उन्होंने जीत हासिल की। जो उत्तर प्रदेश की विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी जीत थी जबकि उनके प्रतिद्वंदी अमरपाल शर्मा को मात्र 22.43 मत ही प्राप्त हो सके। गाजियाबाद साहिबाबाद की जनता में लोकप्रिय रहे विधायक के मंत्री बनने के बाद इलाके के लोगों में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई देने का ताता लगा हुआ है।



## सार संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा ने निकाली बाइक रैली

**नोएडा।** नोएडा भाजपा की ओर से मंगलवार को नारी शक्ति वंदन संपर्क अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली डीएम चौराहे से होते हुए सब मॉल सेक्टर-27 पर समाप्त हुई। इस बाइक रैली को महिला मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया। जहां महिलाओं ने पूरे जोर शोर से हिस्सा लिया। बिमला बाथम इस बाइक रैली में मुख्य अतिथि के रूप में रही और उन्होंने अबकी बार 400 पार के उद्घोष से इस रैली को शुरू किया गया। इस बाइक रैली के द्वारा महिलाओं द्वारा नारी शक्ति का संदेश देते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा महिलाओं के सम्मान में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाने का कार्य भी किया गया। बिमला बाथम ने कहा कि इस रैली के द्वारा हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर एक समृद्ध समाज का निर्माण करना है। महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि और सशक्तिकरण और महिलाओं के कौशल के लिए हमारी सरकार समर्पित है।

### 2 नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि

**नोएडा।** कोरोना संक्रमित दो नए मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। इन मरीजों की हालत सामान्य है। दोनों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। दोनों मरीजों ने सर्दी-जुकाम और बुखार होने पर कोविड जांच कराई। जांच में कोरोना संक्रमित की पुष्टि की गई, जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई। दो हफ्ते से दोबारा कोरोना संक्रमित नए मरीज मिल रहे हैं। जिले में कुल 16 मरीजों का इलाज चल रहा है। सभी होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग इनपर निगरानी बनाए हुए है। होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है। सीएमओ डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि ज्यादा परेशानी न होने की स्थिति में घर में रहकर इलाज करवाएं। किसी भी मरीज में गंभीर लक्षण नहीं हैं।

### दो लाख लोगों की मलेरियां की होगी जांच

**नोएडा।** जिले के दो लाख लोगों की मलेरिया की जांच होगी। सरकारी अस्पतालों में मलेरिया के लक्षण वाले मरीजों की जांच की जाएगी। मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कई अन्य काम किए जाएंगे। जिले की जनसंख्या के 10 प्रतिशत लोगों की मलेरिया जांच होगी। सरकारी अस्पतालों में जांच के अलावा निजी अस्पतालों के मरीजों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। मलेरिया के एक भी मरीज मिलने पर सभी पहलुओं के बारे में बताना होगा। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या करीब 16.5 लाख थी, वर्तमान में 20 लाख की जनसंख्या के आधार पर मलेरिया की जांच शुरू होगी। मलेरिया के मरीजों की संख्या कोरोना संक्रमण के बाद लगातार कम हुई है। पिछले साल मलेरिया के महज 45 मरीजों की पुष्टि हुई थी। इस साल अब तक एक भी मलेरिया के मरीज नहीं मिले हैं।

## नोएडा में बढ़ेगी संपत्तियों की दर, बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव

**नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। आने वाले दिनों में नोएडा में संपत्ति खरीदना महंगा हो सकता है। नोएडा प्राधिकरण संपत्तियों की आवंटन दरें बढ़ाने की तैयारी में है। आवासीय संपत्तियों की आवंटन दरें पांच-सात प्रतिशत तक महंगी की जा सकती है। यह दरें बढ़ाने के लिए अगले सप्ताह होने वाली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। पिछले साल 10 प्रतिशत तक आवासीय संपत्ति की दरें बढ़ाई गईं थीं।

- **आवंटन दर में 5 से 7 प्रतिशत की हो सकती है बढ़ोत्तरी**
- **पिछले साल 10 प्रतिशत तक बढ़ी थी आवासीय दर**

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक एक सप्ताह के अंदर हो जाएगी। यह बोर्ड बैठक खासतौर से वित्तीय बजट को मंजूरी दी जानी है। ऐसे में प्राधिकरण संपत्तियों के आवंटन रेट बढ़ाने की तैयारी में है। इसके लिए प्राधिकरण के वित्त विभाग के साथ-साथ आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत और व्यावसयिक विभाग के अधिकारियों से बीते एक वर्ष में आवंटित संपत्तियों से प्राप्त राजस्व का ब्योरा मांगा गया है। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो 5-7 प्रतिशत आवासीय और 10 प्रतिशत तक औद्योगिक व संस्थागत संपत्ति महंगी जा सकती है। व्यवसायिक संपत्ति की दरें भी बढ़ाई जाएंगी। खास बात यह है कि यह शहर रहने के लिए महंगा होता जा रहा है। यहां प्राधिकरण ऑनलाइन बोली लगाकर संपत्तियां बेच रहा है। इन दिनों प्राधिकरण की 376 आवासीय भूखंड की योजना चल रही है। इसके लिए 11 से 15 मार्च के बीच बोली लगनी है। इसके अलावा व्यवसायिक भूखंड की योजना के लिए भी प्राधिकरण आवेदन ले रहा है।

## सिद्धार्थ विहार योजना के विस्थापित किसानों का आवास विकास परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन

**गाजियाबाद,** 5 मार्च (देशबन्धु)। आवास विकास परिषद सिद्धार्थ विहार योजना के विस्थापित सैकड़ो किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार अपराह्न को वसुंधरा स्थित परिषद के कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर किसानों ने आवास विकास के उच्च अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने किसानों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि कुछ किसानों को जहां 25 प्रतिशत जमीन दे दी गई वहीं कुछ किसानों को 7प्रतिशत जमीन दी गई है जबकि एक स्कीम में इस तरह का इस तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच की मांग की और सभी किसानों को एक पॉलिसी के तहत तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। अधीक्षण अभियंता राकेश चंद्रा ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह उनकी भावनाओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। सिद्धार्थ विहार किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो की तादाद में किसान आवास विकास परिषद के कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी किसान अधीक्षण अभियंता राकेश चंद्र के पास पहुंचे और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने ज्ञापन में अन्य प्राधिकरण की तरह हाईकोर्ट के आदेश का करते हुए विस्थापित किसानों को 10प्रतिशत विकसित भूमि देने और 64 प्रतिशत मुआवजा बढ़ाने करार के मुताबिक दुकान के स्थान पर 50 मीटर व्यवसायिक भूखंड देने नक्शा शुल्क माफ करने की मांग की गई है। इस दौरान किसानों ने कहा कि जिन किसानों ने इस योजना को आगे बढ़ाने में सहयोग किया था उन्हीं के साथ अधिकारियों ने अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ दोहरा मानदंड अपनाया गया है। कुछ किसानों को 25प्रतिशत विकसित भूमि दी गई है जबकि कुछ किसानों को मात्र 7प्रतिशत विकसित भूमि दी गई है। जो एक योजना में सबको समान व्यवहार किया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारी किसानों में किसान नेता सुरेंद्र नागर, रविंद्र जैन, मोहम्मद इरफान, वसीम अहमद, महबूब चौधरी, परवेज अली, शादाब अली, मोहम्मद ग़ालिब समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

- **मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन**
- **किसानों के साथ हुए अन्याय की जांच की मांग**





## पति का चार मंजिला घर बना पत्नी की हत्या की वजह

**नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। चोटपुर कॉलोनी स्थित घर में रविवार को बिस्तर पर मृत अवस्था में मिली महिला की हत्या की गई थी। उसका वायर से गला घोटा गया था। पुलिस ने डेटा केबिल बरामद कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई। अवैध संबंध का संदेह और चार मंजिला घर हत्या का कारण बताया जा रहा है। मृतका के भाई अनेकपाल की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ हत्या की धारा में सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपी पति की तलाश में पुलिस की दो टीमें कई ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव की पूजा की शादी बदायूं के ही देवपाल से करीब 14 साल पहले हुई थी। दोनों के दो लड़की और एक लड़का है। देवपाल ने चोटपुर कालोनी में चार मंजिला एक घर बना रखा है। पहली मंजिल पर पूजा पति से अलग रह रही थीं। अन्य तल पर किरायेदार रहते हैं। पिछले कुछ वर्षों से देवपाल और पूजा के बीच कई बातों को लेकर अनबन रहने लगी। जिसके बाद देवपाल पत्नी और बेटे को नोएडा में छोड़कर दोनों बेटियों के साथ बदायूं में रहने लगा।

## सांड ने बाइक में मारी टक्कर, नाबालिग की मौत

**नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा में एक बार फिर साड का खौफ देखने को मिला। आवारा साड़ ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इससे एक बाइक सावर दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। दूसरे का इलाज नजदीक के अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला थाना सेक्टर-113 का है। पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम को क्रिष और देव बाइक से पर्थला सब्जी मंडी के पास से जा रहे थ। वहीं दो साड़ आपस में लड़ रहे थे। बाइक साइड से निकाल रहे थे इस दौरान एक साड़ ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों नाबालिग दूर जाकर गिरे। वहां मौजूद लोगों ने लाठी डंडो की मदद से साड़ को भगाया। इसके बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिस स्थान पर घटना हुई वो उनके घर से महज 100 मीटर की दूरी पर ही है। परिवार बिजनौर का रहने वाला है। दोनों आपस में मौसेरे भाई है। दोनों की उम्र भी 15-15 साल है। अस्पताल में इलाज के दोरान क्रिष की मौत हो गई। क्रिष के पिता गुड्?डू प्रतीक सोसाइटी में साफ-सफाई का काम करते है। वहीं घायल देव का इलाज किया जा रहा है। देव के पिता पदम सिंह पेंटर का काम करते है। वहीं परिवार शव को लेकर बिजनौर चले गए है।



- **मौसेरा भाई हुआ घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस कर रही जांच**

**नोएडा की हर सडक़ पर दिखेंगे आवारा सांड**

इन दिनों नोएडा की हर सड़क आवारा सांड और गायों का झुंड घूम रहा है। नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन यह सब देखने की बाद भी आंख मूंदे हैं।

## बीआईटी में सेमिनार का आयोजन

**नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-1 स्थित बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान में मंगलवार को 'वित्तीय स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत वित्त प्रसन्नता का मार्ग' पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्याख्यान इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. दीपक टंडन ने किया।



- **वित्तीय स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत वित्त प्रसन्नता पर हुए व्याख्यान, छात्रों ने सीखे गुर**

संस्थान के निदेशक प्रो शंकर लाल गुप्ता ने कहा कि मुद्रास्फीति से निपटने के लिए हमें अलग अलग प्रकार के विकल्पों में निवेश करना चाहिए। दीपक टंडन ने कहा कि प्रभावी एवम समयपरक निवेश ही आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है।

बीइंग फाउंडेशन की निदेशिका डॉ. नीलम टंडन ने कहा कि आज पूरा विश्व दो से तीन प्रतिशत की दर से विकास कर रहा है। जबकि भारत में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7 प्रतिशत से अधिक है। निवेशकों को इसका लाभ उठाना चाहिए। सूर्य कांत शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही हमने पैसे का महत्व समझना चाहिए। पैसा हमें दो माध्यमों से मिलता है पहला नौकरी या व्यवसाय और दूसरा माध्यम है अपने पैसे से पैसे कमाना। हमें दूसरे माध्यम पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

समीर खान ने कहा कि आज का निवेश आपको कल की वित्तीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने बैंकिंग उद्योग के नवाचारों के विषय में विस्तार से बात की। डॉ. ईश तनेजा ने कहा कि आज भारतीय बाजार निवेश के लिए सबसे बड़े अवसर प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम का संयोजन प्रबंध विभाग की संयोजिका डॉ. मोनिका बिष्ट ने किया।

## गौतमबुद्ध नगर में सपा-कांग्रेस में टिकट को लेकर खलबली

**नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में भापजा से तीसरी बार डॉक्टर महेश शर्मा को टिकट मिलने के बाद सपा-कांग्रेस खेमे में खलबली मची हुई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के बाद ये सीट सपा के खाते में गई है। सपा यहां गुर्जर उम्मीदवार पर अपना दांव लगा सकती है। इसकी बड़ी वजह ये है कि सपा का पहले रालोद के साथ गठबंधन था। इसलिए उसे जाट वोट मिलने की उम्मीद थी। यहां दो बार सपा से नरेंद्र भाटी चुनाव लड़े । 2009 में वो तीसरे स्थान और 2014 में दूसरे स्थान पर रहे। यहा मुकाबला इस लिए भी दिलचस्प होता दिख रहा है कि क्योंकि नोएडा की सबसे बड़ी संस्था फोनरवा के अध्यक्ष ने हाल ही में भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने कहा कि वो भाजपा का पूरा समर्थन करेंगे। ये संस्था नोएडा के सभी सेक्टरों के आरडब्ल्यूए को मिलाकर बनती है। इससे पहले योगेंद्र शर्मा सपा में थे। वह विधानसभा चुनाव लड़ने को इच्छुक थे, लेकिन जब टिकट नहीं मिला तो पार्टी छोड़ दी। गृह जनपद होने के बाद भी बसपा फिलहाल यहां से किसे उम्मदीवार बनाएगी ये तय नहीं हो सका है।

- **यहां नहीं चली गठबंधन की हवा**
- **महेश शर्मा के टिकट मिलते ही खेमा बदलना हुआ शुरू**



**सबसे पहले जानते है लोकसभा सीट गौतमबुद्ध नगर के बारे में**

2009 में बनी थी नोएडा लोकसभा सीट वर्ष 2014-2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ने जीत हासिल की थी। इस संसदीय सीट के तहत विधानसभा की पांच सीटे हैं। इस सीट की एक खास बात यह भी है कि यह जिला बसपा सुप्रीमों मायावती का गृह जनपद है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर वर्ष 2009 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस चुनाव में बसपा से सुरेंद्र सिंह नागर ने जीत दर्ज कराई थी। वहीं भाजपा उम्मीदवार डॉ. महेश शर्मा दूसरे पायदान पर रहे थे। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट का गठन वर्ष 2009 में हुआ था। परिसीमन के बाद गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। नोएडा, जेवर और दादरी गौतमबुद्ध नगर जिले के अंतर्गत आते हैं, जबकि सिकंदराबाद और खुर्जा बुलंदशहर जिले के अंतर्गत आते हैं।

**2019 में हुआ था सपा-बसपा गठबंधन, इस बार कांग्रेस और सपा एक साथ**

अगर बात बसपा और सपा की करें तो इन दोनों पार्टियों ने आपस में समझौता कर लिया था। वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में लड़ा था। इस गठबंधन में बसपा को 10 सीटें और सपा को पांच सीटें मिली थीं। इस चुनाव के बाद सपा और बसपा का गठबंधन टूट गया। अब तक के राजनीतिक इतिहास की बात की जाए तो गौतमबुद्ध नगर जिले में अभी तक लोकसभा के तीन बार चुनाव हो चुके है। इनमें एक बार बसपा और दो बार भाजपा को इस संसदीय सीट पर सफलता मिली है।

### जतीय समीकरण यहां तय करते है उम्मीदवारों की किस्मत

- आगर बात करे सीट की चुनावी गणित पर तो इस संसदीय सीट पर गुर्जर, ठाकुर, दलित, मुसलमान व ब्राह्मण वोटरों की संख्या सबसे अधिक है।
- गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट में करीब 26,11331 लाख मतदाता है।
- नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा क्षेत्र में करीब 1830964 लाख मतदाता है।
- इन तीनों विधानसभा क्षेत्र में करीब 10,08349 लाख पुरुष, 82, 2519 लाख महिला और 96 थर्ड जेंडर मतदाता है।
- सिकन्द्राबाद विधानसभा क्षेत्र में करीब 205956 लाख पुरुष, 18,7255 लाख महिला और 29 थर्ड जेंडर मतदाता है।
- खुर्जा विधानसभा क्षेत्र में करीब 2,3356 लाख पुरुष, 18,3748 लाख महिला और 23 थर्ड जेंडर मतदाता है।

ऐसे में सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के उम्मीदवारों के लिए यह चुनाव कड़ी चुनौती साबित होगा। 2009 चुनाव में करीब 15 हजार मतों से हार के बाद 2014 में भाजपा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को 2,80,212 मतों के भारी अंतर से हराया था। 2019 में जीत का अंतर और बढ़ा। इस चुनाव में महेश शर्मा ने बसपा उम्मीदवार को 3,36,922 मतों से मात दी। इस चुनाव में बसपा और सपा में गठबंधन था। इस बार सपा-कांग्रेस गठबधंन में नोएडा से सपा अपना प्रत्याशि उतारेगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन शर्मा ने बताया कि यहां से सपा अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। हम उनका समर्थन करेंगे। संभावित नामों में डॉक्टर महेद्र नागर, गजेंद्र नागर, राजकुमार भाटी में कोई एक हो सकता है।

**2019 में 60 फीसदी मतदाताओं ने दिया था भाजपा का साथ**

यदि आंकड़ों की बात करे तो वर्ष 2019 में सांसद डॉ. महेश शर्मा को पांचों विधानसभा क्षेत्रों में नोएडा 31.35 प्रतिशत, दादरी 23.37 प्रतिशत, जेवर 13.03 प्रतिशत, सिकंदराबाद 15.30 प्रतिशत और खुर्जा 16.61 प्रतिशत वोट मिले थे। उनको कुल 8,30,812 वोट मिले थे। उनका वोट प्रतिशत तकरीबन 60 फीसदी रहा था। वहीं बसपा के प्रत्याशी सतबीर नागर को 4,93,890 वोट मिले थे। तीसरे स्थान पर कांग्रेस के डॉ. अरविंद कुमार सिंह रहे थे जिनको 42077 वोटों से संतोष करना पड़ा था।

उवाच

कैबिनेट का आदेश मिलने के बाद विकासकर्ता कंपनी को वर्क ऑफआवर्ड जारी कर दिया जाएगा। प्राधिकरण फेस-एक 230 एकड़ जमीन पर पहले ही कब्जा ले चुका है। जमीन पर अवैध निर्माण रोकने के लिए पिलर लगाने का काम भी शुरू हो गया है:
**डॉक्टर अरूणवीर सिंह, प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

# डिपो से बोड़ाकी स्टेशन तक मेट्रो विस्तार को उप्र मंत्रिमंडल से मिली हरी झंडी

- **2.6 किमी लंबे ट्रैक को बनाने में खर्च होंगे 416.34 करोड़**
- **एमएमटीएच से सीधे कनेक्ट होंगे नोएडा-ग्रेटर नोएडा**



**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक मेट्रो की मौजूदा एक्वा लाइन के विस्तार को उत्तर प्रदेश कैबिनेट से मंगलवार को हरी झंडी मिली गई। एक्वा मेट्रो परियोजना को 2.6 किमी लगभग का विस्तार किये जाने पर 416.34 करोड़ का खर्च अनुमानित है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण बोर्ड ने दिसम्बर 2022 में ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) ने मंजूरी दे दी थी। प्राधिकरण बोर्ड ने डीपीआर शासन के जरिए भारत सरकार को भेजी गई थी। इस प्रोजेक्ट को पीएम गति शक्ति से जोड़ते हुए वित्तीय सहायता प्राप्त प्रदान की जा रही है। भारत सरकार से डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद उत्तर प्रदेश कैबिनेट में मंगलवार को प्रस्ताव रखा गया। जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले एक्वा मेट्रो का बोड़ाकी रेलवे स्टेशन तक विस्तार करने का रास्ता अब साफ हो गया है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतरराज्यीय बस अड्डा व स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होनी है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा लाइन मेट्रो का आखिरी स्टेशन डिपो है। यहां से बोड़ाकी तक मेट्रो का विस्तार होना है। इसे बनाने का जिम्मा नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन (एनएमआरसी) को दिया गया है। एनएमआरसी ने इसकी डीपीआर तैयार की है। डीपीआर के मुताबिक डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट की लंबाई करीब 2.6 किलोमीटर होगी। इसे बनाने में करीब 416.43 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह रूट भी एलिवेटेड होगा। शुरुआत में चार कोच वाली मेट्रो चलाई जाएगी। बाद में जरूरत के हिसाब से इसे बढ़ाया जा सकता है। इस रूट के बनने से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के निवासी मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब से सीधे जुड़ जाएंगे। निवासियों को आगे के सफर के लिए ट्रेन या बस की सुविधा मिल सकेगी। कैबिनेट से एक्वा मेट्रो लाइन को मंजूरी मिलने के बाद एनएमआरसी इसके विस्तार को लेकर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर देगा।

# अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी निर्माण को लेकर आवंटन पत्र जारी करने की मिली हरी झंडी

- **विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स को आवंटन पत्र जारी करने के लिए मंत्रिमंडल से मिली मंजूरी**
- **यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण इस सप्ताह विकासकर्ता को जारी कर देगा आवंटन पत्र**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना एक कदम और आगे बढ़ी है। विकासकर्ता कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स द्वारा लगाई गई आर्थिक बिड को उत्तर प्रदेश कैबिनेट से मंगलवार को मंजूरी मिल गई, कैबिनेट ने विकासकर्ता को लेटर ऑफ कंफर्ट यानी आवंटन पत्र निर्गत किए जाने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास विभाग से कैबिनेट का आदेश जारी करने के बाद यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण आवंटन पत्र जारी कर देगा। आवंटन पत्र जारी होने पर विकासकर्ता को छह माह के अंदर फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू करना होगा। यमुना प्राधिकरण की तैयारी है कि लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने से पहले विकासकर्ता को जमीन पर कब्जा दे दिया जाए। हालांकि फिल्म सिटी का शिलान्यास अब लोकसभा चुनाव के बाद होने की उम्मीद है। बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप की कंपनी मेसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स द्वारा सबसे ज्यादा राजस्व की बोली लगाए जाने पर फिल्म सिटी निर्माण को लेकर विकासकर्ता का चयन किया गया था। आर्थिक बिड कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज की मंजूरी मिलने के बाद संबंधित कैबिनेट बैठक में रखा गया। विकासकर्ता कंपनी को इस सप्ताह तक आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। यीडा सिटी के सेक्टर- 21 में 1000 एकड़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रथम चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। जिस पर करीब 1510 करोड़ रूपए खर्च होने का अनुमान है। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने भूटानी ग्रुप के साथ मिलकर 18 फीसदी रेवेन्यू शेयरिंग की बोली लगाकर विकासकर्ता कंपनी का अधिकार प्राप्त कर लिया है। परियोजना के मूर्तरूप लेने के आठ साल बाद कमाई का 18 फीसदी हिस्सा प्राधिकरण को देना होगा। प्रथम चरण की परियोजना को सात जोनों में बांटकर विकसित किया जाना है। आर्थिक बिड निकलने के बाद परियोजना से संबंधित रिपोर्ट लखनऊ में हुई कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज की बैठक में रखा गया, जिसे मंजूरी मिल गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद फिल्म सिटी परियोजना के निर्माण का सभी रास्ता साफ हो गया। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह का कहना है कि कैबिनेट का आदेश मिलने के बाद विकासकर्ता कंपनी को वर्क ऑफआवर्ड जारी कर दिया जाएगा। प्राधिकरण फेस-एक 230 एकड़ जमीन पर पहले ही कब्जा ले चुका है। जमीन पर अवैध निर्माण रोकने के लिए पिलर लगाने का काम भी शुरू हो गया है।

# एयरपोर्ट के पास मेडिकल कॉलेज, अस्पताल व 12वीं तक के इंटिग्रेटेड स्कूल खोलने का मिलेगा मौका

- **सेक्टर- 22ई में लॉन्च की जाएगी 5 भूखंडों की योजना**
- **10 एकड़ के 4 और 12 एकड़ का होगा एक भूखंड**



**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, मैनेजमेंट व इंजीनियरिंग कॉलेज समेत प्ले से लेकर 12वीं तक के इंटीग्रेटेड स्कूल खोलने का मौका मिलने जा रहा है। इस सप्ताह पांच भूखंडों की योजना लॉन्च होने जा रही है। 10 व 12 एकड़ के ये भूखंड सेक्टर-22ई में होंगे। इनका आवंटन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

यीडा सिटी के सेक्टर- 22ई को संस्थागत भूमि उपयोग के लिए आरक्षित किया गया है। क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज व अस्पताल खोलने से संबंधित कई प्रस्ताव प्राधिकरण को प्राप्त हुए हैं। इसको देखते हुए प्रथम चरण में पांच भूखंडों की योजना लॉन्च करने की तैयारी कर ली गई है। इनमें 4 भूखंड 10- 10 एकड़ और एक भूखंड 12 एकड़ का होगा। प्ले से लेकर 12वीं तक के इंटीग्रेटेड स्कूल में आवासीय सुविधा भी होगी।

प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि संस्थागत श्रेणी के 5 भूखंडों की योजना इस हफ्ते लॉन्च की जाएगी। इसकी तैयारी कर ली गई है। भूखंडों का आवंटन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने बिसरख व खेड़ा चौगानपुर में अवैध निर्माण को ढहाया

- **60 हजार वर्ग मीटर एरिया पर बने अवैध निर्माण को तोड़ा**
- **कॉलोनाइजर अधिसूचित एरिया में बना रहे थे अवैध कॉलोनी**



**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम खेड़ा चौगानपुर की अधिसूचित और बिसरख की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन पर बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ दिया। प्राधिकरण की टीम ने करीब 60 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई है, जिसकी कीमत करीब 120 करोड़ रुपए होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव खेड़ा चौगानपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर 225 और 229 की जमीन पर अवैध निर्माण कर कालोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी व गौरव बघेल की टीम स्थानीय सुरक्षाकर्मियों के साथ मंगलवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 40 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है। 5 जेसीबी और एक डंपर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। इसी तरह बिसरख के खसरा नंबर 676, 698 और 699 की 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को भी अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में ले लिया है। यह प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। इसके साथ ही बिसरख में ही खसरा नंबर 639 और 640 की जमीन पर अतिक्रमण शीघ्र हटाने के कड़ी चेतावनी दी गई है। ओएसडी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

# गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में दाखिला शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में रहने वाले उन अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है, जो किन्हीं कारणों से अब तक अपने बच्चे का स्कूल में दाखिला नहीं ले सके हैं। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में बाल वाटिका से कक्षा 11 तक के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव कुमार ने बताया कि बाल वाटिका से कक्षा 11 तक दाखिला चाहने वाले छात्र अपने डॉक्यूमेंट लेकर अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय आ सकते हैं। सभी कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस स्कूल को नोएडा-ग्रेटर नोएडा शिक्षा समिति संचालित करती है। इसके अलावा तीन विद्यालय, सावित्रीबाई फूले बालिका इंटर कॉलेज, महामाया बालिका इंटर कॉलेज और पंचशील इंटर कॉलेज को भी यही शिक्षा समिति संचालित कर रही है। ये चारों ही स्कूल अंग्रेजी मीडियम के हैं।




# संदेशखाली की घटना के विरोध में अभाविप ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुदुचेरी में अभाविप केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक में संदेशखाली घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित कर, महिलाओं के विरुद्ध जघन्यतम अपराधों का केन्द्र बन चुके पश्चिम बंगाल की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करने का निर्णय लिया था। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं तथा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है, एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारी हर ओर भ्रष्टाचार कर आम लोगों का हक मार रहे हैं,वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। संदेशखाली में जिन पीड़िताओं के साथ ज्यादती हुई, उनमें से अधिकांशतः पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। पश्चिम बंगाल में हो रही ज्यादतियों का विरोध देश के प्रत्येक कोने में विद्यार्थी परिषद करेगी। अभाविप मेरठ प्रांत के सह मंत्री गौरव गॉड के नेतृत्व में अभावी के दर्जनों कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर दादरी विधायक तेजपाल नागर की उपस्थिति में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया। इस दौरान प्रोफेसर राजेश वर्मा, अभिषेक, भानु, भागेश, राहुल, विशाल, वैभव श्रीवास्तव, मुकुल आनंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मेरा पहला वोट, देश के लिए कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। मेरा पहला वोट देश के लिए नामक निबंध लेखन के लिए एक प्रतियोगिता आयोजन गलगोटियस एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी उम्मीदवारों को विशेष ध्यान दिया गया था कि वे वोटिंग के महत्व पर अपने विचार प्रकट करें और लोगों को चुनाव में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। प्रतियोगिता में कई युवाओं ने अपनी भावनाओं और विचारों को निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने पहले वोट के अनुभव को बताया, अपने देश के प्रति अपने जज्बे को व्यक्त किया और लोगों को सकारात्मक रूप से समझाया कि वोटिंग का महत्व क्या है। इस प्रतियोगिता ने युवाओं को लोकतंत्र के महत्व को समझने और उनके पहले वोट का महत्व जानने के लिए प्रेरित किया। इसके माध्यम से, युवा समुदाय को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें अपने देश के भविष्य में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कविता अथवा रैप गीत प्रतियोगिता जीपी कैप्टन. डॉ. (आर) पी. के. चोपड़ा, महानिदेशक और डॉ. बिपिन कुमार श्रीवास्तव, डीन छात्र कल्याण के मार्गदर्शन में हुई। इस अवसर पर अविनाश सिंह, निखिल गौतम,अभिषेक सिंह,पार्थ सिंह, आदित्य जायसवाल, रोहन आनंद आदि लोग मौजूद रहे।



# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जुटा जिला प्रशासन



- **नोडल, सहायक नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के दायित्वों का करें पालन**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 मार्च (देशबन्धु)। लोक सभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ तैयारियों से सम्बंधित बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से सभी अधिकारी गण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुरूप ही अपने से संबंधित प्रकोष्ठ के कार्यों की कार्य योजना निर्धारित समय अवधि के अनुसार तैयार करते हुए उसे अंतिम रूप प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता/शिथिलता को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा, इसीलिए सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी गण उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग लखनऊ में तैनात अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, ताकि जिले में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। जिले में मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के उद्देश्य से अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए। उनको बताया जाए की मतदाता वोटर हेल्पलाइन एवं भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर जाकर वोटर लिस्ट में अपना नाम एवं अपनी बूथ संख्या चेक कर सकते हैं। और यदि किसी का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गया है तो वह अभी भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

बैठक में डीसीपी रामबदन, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी एल.ए. बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पांडे तथा समस्त नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1056/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 07.11.2023 मृतक श्री हरवीर पुत्र श्री मंगतू नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 29.08.2013 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 441 442 460घ 576घ | श्री हरवीर पुत्र स्व0 श्री मंगतू नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती आरती | पत्नी | 46 वर्ष | |
| | | | श्री विकास | पुत्र | 23 वर्ष | |
| | | | श्री अमन | पुत्र | 19 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मीनाक्षी | पुत्री | 24 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सीमा नागर | पुत्री | 25 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिग्मा आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या 147, BLOCK-C, AREA-500, SECTOR-SIGMA-02, ALLOTMENT NO-SIGMA60053, GREATER NOIDA आवंटी SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN के पक्ष में आंवटित है। आवंटी SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN की मृत्यु दिनांक 18.11.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को बिल के आधार पर मृतक आवंटी के पुत्र SH. GOVARDHAN LAL KARAN S/O LATE SH. RAMESHWAR PRASAD उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय SH. GOVARDHAN LAL KARAN S/O LATE SH. RAMESHWAR PRASAD के स्थान पर भूखण्ड को उनके पुत्र SH. VINAY KUMAR KARAN S/O LATE SH. GOVARDHAN LAL KARAN R/O- C-9, 9th FLOOR, TOWER-6, NEW MOTI BAGH, NEW DELHI-110023 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुरादगढी में उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 205/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 19.01.2024 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक श्रीमती सोंता उर्फ सोमोती पत्नी कन्छिद निवासी ग्राम मुरादगढी परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/ अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुरादगढी | 41 250 133 170 589 583 | श्रीमती सोंता उर्फ सोमोती पत्नी कन्छिद निवासी ग्राम मुरादगढी परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | सुरेन्द्र सिंह | पुत्र | 63 वर्ष | विवाहित |
| | | | | हीरी | पुत्र | 56 वर्ष | विवाहित |
| | | | | किशन सिंह | पुत्र | 54 वर्ष | विवाहित |
| | | | | पुष्पा | पुत्री | 62 वर्ष | विवाहित |
| | | | | द्रोपती देवी | पुत्री | 60 वर्ष | विवाहित |
| | | | | कमलेश | पुत्री | 53 वर्ष | विवाहित |
| | | | | मुन्नी | पुत्री | 46 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नंगला पदम सिंह रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 153/एस.टी.-एस.डी.एम./2022 दिनांक 12.12.2023 श्री झम्मन पुत्र कान्ता नि0 ग्राम नगला पदम सिंह मा0 रबुपुरा परगना-जेवर, तहसील-जेवर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 23.11.2017 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों का नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानो के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 94, 97, 20 | श्री झम्मन पुत्र कान्ता नि0 ग्राम नगला पदम सिंह मा0 रबूपुरा परगना जेवर, तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर | संतोष | पुत्रवधु | 40 वर्ष | विधवा |
| | | | मनोरमा | पौत्री | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | मीनाक्षी | पौत्री | 23 वर्ष | विवाहित |
| | | | सिम्मी | पौत्री | 18 वर्ष | अविवाहित |
| | | | निकिता | पौत्री | 19 वर्ष | अविवाहित |
| | | | जितेन्द्र | पौत्र | 16 वर्ष | अविवाहित |
| | | | डिप्टी | पौत्र | 14 वर्ष | अविवाहित |
| | | | रोजश | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | मूर्ति | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सादोपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवटन संख्या-एस.ए.डी.0156, भूखण्ड संख्या-ए-55, क्षेत्रफल-880 वर्ग मीटर सर्वश्री महेन्द्र सिंह, मदनपाल, सतपाल, ऋषिपाल पुत्रगण श्री जगमाल व श्रीमती श्यामवती पत्नी श्री जगमाल, निवासी-ग्राम-सादोपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती श्यामवती पत्नी श्री जगमाल की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री महेन्द्र सिंह, मदन पाल, सतपाल, ऋषिपाल पुत्रगण स्व० श्री जगमाल व श्रीमती मेमवती, श्रीमती सुरेश पुत्रीगण स्व० श्री जगमाल, निवासी-ग्राम-सादोपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री महेन्द्र सिंह, मदन पाल, सतपाल, ऋषिपाल पुत्रगण स्व० श्री जगमाल व श्रीमती मेमवती, श्रीमती सुरेश पुत्रीगण स्व० श्री जगमाल, निवासी-ग्राम-सादोपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सह. आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 263/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 09.12.2021 मृतक श्री श्रीपाल पुत्र श्री मंगतू नि0 ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्सु दिनांक 20.10.2016 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 441 442 460घ 576घ | श्री श्रीपाल पुत्र श्री मंगतू, नि0 ग्राम औरंगपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती काजल | पत्नी | 31 वर्ष | |
| | | | यश | पुत्र | 10 वर्ष | ना0 बा0 संर0श्रीमती काजल माता स्वयं |
| | | | वंशिका | पुत्री | 09 वर्ष | |
| | | | लविश | पुत्री | 08 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# देश विदेश

## कंबोडिया में मंदिर के सामने बस में विस्फोट, दो घायल

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया के सिएम रीप प्रांत में प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर मंगलवार को एक बस विस्फोट में दो लोग घायल हो गये। सिएम रीप प्रांतीय पुलिस प्रमुख मेजर जनरल तेंग चन्नाथ ने बताया कि विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ । घटना का प्रमुख कारण इंजन की खराबी माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार एक बस का इंजन दुर्घटनावश फट गया। घटना में तीन बसें क्षतिग्रस्त हो गयीं, पुलिस ने आगे की जांच जारी रखते हुए इलाके की घेराबंदी की है।

# शहबाज ने लिया पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ठीक करने का संकल्प

■ आपातकालीन आधार पर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी ■ करदाताओं को सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

**इस्लामाबाद,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने आने वाले वर्षों में आर्थिक चुनौतियों पर तेजी से काबू पाने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री शरीफ ने सोमवार को दोबारा शपथ ग्रहण करने के कुछ घंटों बाद एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, हमें अर्थव्यवस्था में सुधार करने का जनादेश मिला है और यह हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

देश के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद श्री शरीफ ने कहा कि देश की समग्र



आर्थिक स्थिति को सुव्यवस्थित करने और आर्थिक संकेतकों में सुधार करने के लिए आपातकालीन आधार पर एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार निवेश को बढ़ावा देगी और व्यापारिक समुदाय को सुविधाएं प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, करदाता, जो देश की अर्थव्यवस्था में निर्यात और मूल्य संवर्धन को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं, सरकार के लिए सबसे महत्वपूर्ण लोग हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे करदाताओं को सरकारी स्तर पर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों को छोटे और मध्यम व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए रणनीति तैयार करने के वास्ते काम पर लगाया जा रहा है, ताकि युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा, व्यावसायिक समुदाय, निवेशकों और युवाओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन आधार पर उपाय किए जाएंगे।

## पीएम मोदी ने पाक के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले शहबाज शरीफ को बधाई दी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के 72 वर्षीय अध्यक्ष शरीफ को सोमवार को राष्ट्रपति निवास ऐवान-ए-सद्र में आयोजित एक समारोह में पद की शपथ दिलाई गई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई। पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ ने इमरान खान सरकार के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद 11 अप्रैल, 2022 से 14 अगस्त, 2023 तक देश के पीएम के रूप में कार्य किया। शपथ ग्रहण समारोह में नवाज शरीफ, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और पीएमएल-एन के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल

### इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की पहली मौत



**तिरुवनंतपुरम,** 5 मार्च (एजेंसियां)। इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने मार्गालियट में मिसाइल हमला किया था। कई सालों में लेबनान के साथ इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की मौत की यह पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमला सोमवार को किया था। मृतक की पहचान केरल में कोल्लम के वाडी निवासी निबिन मैक्सवेल (31) के रूप में हुई है। हमले में कुल सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें दो केरल के निवासी हैं। उनकी पहचान जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के रूप में हुई है। निबिन मैक्सवेल के पिता ने आईएएनएस को बताया कि उनका बेटा जनवरी में इजरायल गया था। उसका बड़ा भाई निविन भी वहां काम कर रहे थे। निबिन मैक्सवेल की मौत की जानकारी परिवार को सोमवार रात में दी गई। संपर्क करने पर केरल पुलिस के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि शव, चार दिनों में केरल पहुंचने की उम्मीद है। मैक्सवेल के परिवार में उनकी 7 महीने की गर्भवती पत्नी और एक पांच साल की बेटी है। भारत में इजरायल के दूतावास ने हिजबुल्लाह के हमले में निबिन मैक्सवेल की मौत पर शोक जताया है। पीड़ित सोमवार को दोपहर में उत्तरी मार्गालियट गांव में एक बगीचे में खेती का काम कर रहे थे, तभी हिजबुल्लाह आतंकियों ने वहां मिसाइल से हमला कर दिया था। बयान में आगे कहा गया, %%हमारी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ हैं। इजरायली मेडिकल संस्थान पूरी तरह से घायलों की सेवा में हैं, जिनका इलाज हमारे सबसे अच्छे मेडिकल स्टाफ द्वारा किया जा रहा है। इजरायल के लिए सभी नागरिक सामान हैं।

## सुडोकू 6487

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है, इसलिए उग्रता पर अंकुश में रखना हितकर है।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा। आज प्रवास न करना आपके हित में है। यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मिथुन - आज आप मौज-शौक और मनोरंजन में रुचि लेंगे।। मित्रों तथा प्रियजनों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बना सकेंगे। सार्वजनिक जीवन में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बढ़ेगा।

कर्क - भाग्य आपके साथ होने से आपका आज का दिन आनंद और सफलता का बना रहेगा। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। नौकरी करने वालों के ऑफिस का वातावरण अच्छा रहेगा।

सिंह - आज आप तन-मन की स्वस्थता महसूस करेंगे। आप सृजनात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। साहित्य के क्षेत्र में कुछ नया लिखने की प्रेरणा आपको होगी। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे।

कन्या - आपको आज प्रतिकूलताओं के लिए तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य को लेकर चिंता में रह सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। मां के स्वास्थ्य का आज ध्यान रखें।

तुला - अभी आपका भाग्य आपके पक्ष में होने से आप कोई नया काम आसानी से शुरू कर पाएंगे। आज का दिन बहुत अनुकूल है। उचित ढंग से पैसे का निवेश करेंगे, तो निश्चित रूप से लाभ होगा।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए। आपके कम बोलने में ही आपकी भलाई है। ऐसा करके आप परिजनों के साथ के वाद-विवाद को टाल सकेंगे। तबियत की चिंता रहेगी।

धनु - आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा। पारिवारिक संबंध गहरे बनेंगे।

मकर - आज परिश्रम के अनुपात में परिणाम न मिलने पर आपको हताशा होगी। पारिवारिक वातावरण उदासीन रहेगा। स्वास्थ्य की चिंता रहा करेगी। दुर्घटना न हो, इसका ध्यान रखें। व्यावसायिक कामों में सरकारी हस्तक्षेप होगा।

कुंभ - आज नए काम की शुरुआत होगी। नई योजना बना सकेंगे। नौकरी और व्यवसाय के लिए भी अनुकूल दिन है। शहर में मान- सम्मान बढ़ेगा। संतान की प्रगति होगी। पत्नी की तरफ से भी अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आप व्यवसाय और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। अधिकारी आपको प्रोत्साहन देंगे, इसलिए आपको आनंद होगा। धंधे में लाभ होगा। बकाया राशि की वसूली होगी। पिता और बुजुर्गों से भी कोई लाभ मिल सकेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मेक्सिको में दो वाहनों की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी,** 5 मार्च (एजेंसियां)। मेक्सिको के दक्षिणपूर्वी राज्य क्विंटाना रू में सोमवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रेलर की अंतरनगरीय परिवहन वैन से हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। क्विंटाना रू राज्य के अटॉर्नी जनरल कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संघीय राजमार्ग 307 पर हुई इस दुर्घटना में छह लोग घायल भी हुए है। दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 4:00 बजे के आसपास राजमार्ग के रिफोर्मा एग्रारिया-प्यूर्टो जुआरेज़ खंड पर, एक्स-हेज़िल चौराहे के पास हुई। ट्रेलर के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वैन से टकरा गया। स्थानीय मीडिया द्वारा प्रकाशित प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, वैन में तुरंत आग लग गई, जबकि ट्रेलर चालक वाहन को घटनास्थल से भगा ले गया। क्विंटाना रू के गवर्नर मारा लेज़ामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस त्रासदी पर शोक व्यक्त किया और मोटर चालकों से अत्यधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया क्योंकि राजमार्ग का वह हिस्सा अस्थायी रूप से बंद किया हुआ है।

# नेपाल में नई गठबंधन सरकार बनी



**काठमांडू,** 4 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने सोमवार को नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष दहल ने नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ हाथ मिलाया और उन्होंने सभी कैबिनेट मंत्रियों को हटाने के बाद शुरुआत में तीन मंत्रियों को नई कैबिनेट में शामिल किया।

**तीन मंत्रियों को नई कैबिनेट में शामिल किया**

इसमें एक कैबिनेट मंत्री सीपीएन-यूएमएल का है और अन्य सीपीएन (माओवादी केंद्र) और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से है। नेपाली कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों ने इस्तीफे की पेशकश नहीं की और उन्होंने इस आधार पर हटाने का इंतजार किया यह श्री यह दहल है जिन्होंने गठबंधन तोड़ा , उनकी पार्टी ने नहीं। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बाद में तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। प्रचंड के नाम से भी पहचाने जाने वाले श्री दहल ने दिसंबर 2022 में गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था। जब एक महीने पहले दक्षिण एशियाई देश में आम चुनावों में किसी भी एक पार्टी ने निचले सदन में बहुमत सीटें नहीं जीती थीं। सीपीएन-यूएमएल के बाहर निकलने के बाद नेपाली कांग्रेस पार्टी बाद में गठबंधन में शामिल हो गई।

## अमेरिका में छोटे विमान दुर्घटना में कई लोगों की मौत



**ह्यूस्टन,** 5 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के दक्षिणी टेनेसी राज्य के नैशविले में एक इंजन वाले विमान के सोमवार रात दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कई लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एबीसी न्यूज के अनुसार पायलट ने नैशविले के जॉन सी. ट्यून हवाई अड्डे पर नियंत्रण टॉवर को बताया कि विमान के में तकनीकी समस्याएं आ गयी हैं। पायलट ने विमान को आपात लैंडिंग करने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नैशविले अग्निशमन विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह भीषण हादसा था और इसमें कोई भी जीवित नहीं बचा। नैशविले पुलिस प्रवक्ता डॉन आरोन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संघीय विमानन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच कर रहे हैं।

## वियतनाम में बस-ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी तुयेन क्वांग प्रांत में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात एक बस और कंटेनर ट्रक के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार देर रात लगभग 1:40 बजे हुई जब स्लीपर बस हा गियांग और तुयेन क्वांग प्रांतों के राजमार्ग संख्या दो पर चल रही थी कि विपरीत दिशा में हाई फोंग शहर से हा गियांग प्रांत की ओर जा रहा कंटेनर ट्रक बस से टकरा गया।

## महमूद अब्बास तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचे तुर्की

**गाजा,** 5 मार्च (एजेंसियां)। फिलीस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए सोमवार को तुर्की पहुंचे।

फिलीस्तीनी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएफए समाचार एजेंसी ने बताया कि श्री अब्बास का हवाई अड्डे पर तुर्की और अरब के कई अधिकारियों ने स्वागत किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यात्रा के दौरान फिलीस्तीनी राष्ट्रपति तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।



गौरतलब है कि सात अक्टूबर से अब तक गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 30,320 हो गई है, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा सिटी के कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसाम अबू सफिया ने बताया कि सभी हताहतों के शरीर में इजरायली बलों की गोलियां और छर्रे पाये गये हैं।

## वर्ग पहेली 6487

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. समाजविरोधी
४. किसी कार्य को पूरा करने के लिए मिलने वाली शासकीय सहायता राशि
६. पकड़ना, रोकना, संभालना
७. हुकूमत करनेवाला, अधिकारी (उर्दू)
८. किसी फल आदि का पकने के करीब होना
१०. अनाथ
११. चोटी वाला
१३. वध करना, मारपीट करना
१४. किंतु
१५. चीरने वाला
१७. उपाधि, पदवी (उर्दू)
१९. पाठ, अनुच्छेद
२१. निषेध
२२. बड़प्पन
२४. झुका हुआ सिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. ठहाका, जोर की हँसी
२. अपमानित, बेइज्जत
३. किसी कही का प्रधान पात्र
४. अप्राप्ति, न आना
५. वृत्त, गोलाकार (उर्दू)
९. अनुचित, अनुपयुक्त (उर्दू)
११. संकट
१२. रखवाला
१३. मां का भाई
१४. सूर्यवंशी राजा की राजधानी
१५. असमानता, जटिलता
१६. नीरस
१८. शवाच्छादन (उर्दू)
१९. नीच, दुष्ट, पापी
२०. सेना का व्यूह, एक काव्यालंकार
२३. सरोवर

### वर्ग पहेली-6486

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ ब | टो | ४ र | ना |
| ट्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | दा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | ति | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | झ | ■ | प्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | मा |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ल्हा | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २२ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1508-नासिरुद्दीन मुहम्मद हुमायूँ का जन्म।
1775-रघुनाथ राव और अंग्रेजों के बीच सूरत की संधि पर हस्ताक्षर।
1902-स्पेन में मशहूर फुटबॉल क्लब %मैड्रिड क्लब% की स्थापना हुई।
1915-शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
1944-भारतीय पत्रकार, सम्पादक, मीडिया के अध्यापक और समाजविज्ञानी रामशरण जोशी का जन्म।
1953-74 वर्ष की आयु में जोसेफ़ स्टालिन का निधन।
1967-जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
1991-प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया।
1992-भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा का जन्म।
1996-ईराक ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के तहत %खाद्य के लिये तेल योजना% को स्वीकार किया। आयरिश रिपब्लिक आर्मी ने त्वरित युद्ध विराम को नकारते हुए ब्रिटेन के साथ 25 वर्षीय युद्ध की घोषणा की।
2001-फिजी में महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ पार्टी में ही विद्रोह की स्थिति।
2003-अल्जीरिया का एक विमान तामारासेट में दुर्घटनाग्रस्त, 102 से भी अधिक यात्री मरे।
2004-उत्तर कोरिया का यूरेनियम आधारित कार्यक्रम होने से फिर इन्कार।
2008-राजस्थान से राज्यसभा सांसद प्रभा ठाकुर को अखिल भारतीय महिला कॉँग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की दया याचिका खारिज की।
2009-भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्विंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।
2015-भारतीय राजनीतिज्ञ और बिहार के मुख्यमंत्री रहे राम सुंदर दास का निधन।

**आयोजन** | *विदेश मंत्री डॉक्टर जयशंकर सियोल पहुंचे*

# भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की

**नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने तीन दिवसीय एशियाई दौरे की शुरुआत सियोल में भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की। वह मंगलवार को दोनों देशों के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे। द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और तेज करना और भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करना मंत्री की कोरिया गणराज्य और जापान की यात्रा के मुख्य आकर्षणों में से एक है।**

जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक, चांग हो-जिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने बुधवार को 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक से पहले दक्षिण कोरियाई प्रधान मंत्री हान डक-सू से भी मुलाकात की और भारत-कोरिया संबंधों के लिए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन की सराहना की।

संयुक्त आयोग की बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और इसे और मजबूत करने के रास्ते तलाशने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए मंत्री



■ **10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे**

जयशंकर ने व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन के साथ-साथ विभिन्न थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

ईएएम जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज सियोल में व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ व्यापार और आर्थिक सहयोग पर व्यापक बातचीत हुई।

जयशंकर की यात्रा से पहले, दक्षिण कोरियाई राजदूत चांग जे-बोक ने सोमवार को भारत और कोरिया के गहरे आर्थिक संबंधों की सराहना की।

## दुनिया को जानें

### ट्विटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल ने मस्क पर किया मुकदमा

**सैन फ्रांसिस्को,** 5 मार्च (एजेंसियां)। ट्विटर (अब एक्स ) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल सहित तीन कर्मचारियों ने एलन मस्क पर 128 मिलियन डॉलर नहीं चुकाने को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दायर करने का ऐलान किया है। पराग अग्रवाल, मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल पूर्व ट्विटर कानूनी और नीति प्रमुख विजया गड्डे और पूर्व ट्विटर जनरल काउंसिल सीन एडगेट ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। एक फॉलोवर ने पोस्ट किया कि पराग अग्रवाल ने एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है , तो इस पर मंगलवार को मस्क ने सिर्फ एक इमोजी डालकर अपनी प्रतिक्रिया दी। मुकदमे में दावा किया गया कि टेस्ला के सीईओ ने सार्वजनिक रूप से लगभग 200 मिलियन डॉलर के उनके भुगतान को रोकने की कसम खाकर उनके प्रति विशेष गुस्सा दिखाया, जब उन्होंने 2022 में 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया। अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर मुकदमा में कहा गया है, मस्क के नियंत्रण में ट्विटर कर्मचारियों, मकान मालिकों, विक्रेताओं और अन्य लोगों को परेशान करने वाला एक उपहास बन गया है।

# प्रादेशिकी

## हिमाचल में ताजा हिमपात के कारण पर्यटक फंसे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में शीतलहर का प्रकोप जारी है। ताजा हिमपात के कारण की मोनेस्ट्री में छह इतालवी पर्यटक सहित तीन होमस्टे में 17 पर्यटक फंसे हुए हैं। राज्य में ताजा हिमपात के कारण न्यूनतम तापमान शून्य से 15-20 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुँच गया है। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने जिले में हिमस्खलन की प्रबल संभावनाओं के मद्देनजर मंगलवार को विभिन्न हिपात प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को स्पीति उपमंडल में स्थानीय लोगों को सूचना मिली कि 17 पर्यटक फंसे हुए हैं, जिनमें छह विदेशी भी शामिल हैं । राज्य के काजा क्षेत्र के स्नो फ्लैक्स होमस्टे में ठहरने वाले पर्यटकों में अमित, विकास अनिल तुषीर, नवीन राणा, मनीष, दीपक मलिक और रेहनात शामिल हैं। लाहौल-स्पीति में भारी बर्फबारी के कारण मोबाइल कनेक्टिविटी भी प्रभावित हुई है।

# उत्तराखण्ड में बना है व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण : धामी

## ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 के तहत अब तक हो चुकी है 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत

अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 5 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उद्योग जगत से आये हुए उद्योगपतियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत, करते हुये कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है।

उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्राण्ड अम्बेस्डर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। हमने दिल्ली, लन्दन, दुबई, अहमदाबाद, मुम्बई, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून आदि स्थानों पर निवेश हेतु जितने प्रयास किये, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आप लोगों ने किया तथा विकास के हर क्षेत्र में आपने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं। व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो




- ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में सीएम ने किया 11 परियोजनाओं का शिलान्यास
- बोले, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने हो रहे हैं साकार
- मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

## आईटीबीपी को चौकी खोलने के लिए जल्द दी जाएगी जगहः धामी

- आईटीबीपी के मुख्यालय में ' रेजिंग डे' कार्यक्रम की शिरकत
- आईटीबीपी के शहीद जवानों के परिजनों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को किया सम्मानित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटीबीपी कैंपस सीमाद्वार, देहरादून में आईटीबीपी उत्तरी सीमान्त मुख्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'रेजिंग डे' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आइटीबीपी जवानों के साथ रात्रिभोज किया। साथ ही बड़ी संख्या में मौजूद जवानों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने आइटीबीपी बैंड के जवानों को उपहार देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी के शहीद जवानों के परिजनों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को सम्मानित किया। उन्होंने सिलक्यारा रेस्क्यू टनल ऑपरेशन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले आइटीबीपी जवानों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी की 16 नई गठित अग्रिम चैकियों के लिए शीघ्र ही भूमि उपलब्ध करवा दिए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आईटीबीपी पिछले 6 दशकों से देश की सेवा हेतु हमेशा तत्पर है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी आईटीबीपी के जवान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है।

विपरीत परिस्थिति में सीमाओं पर चौकस रहने के लिए अनुशासन और वीरता की भावना अहम होती है। आईटीबीपी के जवानों का अनुशासन, उनकी वीरता और देश सेवा की भावना अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सैनिक परिवार से होने के कारण उन्होंने फौज के अनुशासन को बचपन से देखा और जिया है। जीवन में अनुशासन बहुत जरूरी होता है, अनुशासन समाज को एक सभ्य समाज बनाता है। व्यक्ति कैरेक्टर में डिसिप्लिन से आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य तक जरूर पहुंचता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आईटीबीपी के जवान हिमालयी क्षेत्रों में आयी विभिन्न आपदाओं में राहत अभियानों का संचालन करते हैं। शीतकाल में कपाट बंद होने के बाद हमारे चारों धामों, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी आईटीबीपी के सशक्त और जिम्मेदार हाथों में होती है।

चुनौतीपूर्ण माहौल में भी आईटीबीपी के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने उत्तराखंड को देवभूमि के साथ ही वीरभूमि भी बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशन में सैनिकों एवं उनके परिवार को मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने सैनिकों या उनके आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि बढ़ाने से लेकर शहीद सैनिकों के आश्रितों को राज्य सरकार के अधीन आने वाली नौकरियों में वरीयता के आधार पर नियुक्ति देने का निर्णय लिया है।

### सार संक्षेप

#### उत्तराखण्ड नित नए-नए प्रतीयमान स्थापित कर रहा : जोशी

**देहरादून।** कार्यक्रम को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तराखण्ड नित नए-नए प्रतीयमान स्थापित कर रहा है। यहां उद्योगों के अनुकूल वातावरण होने के साथ ही सभी प्रकार की अवस्थापना सुविधायें मौजूद हैं और मुख्यमंत्री के मंत्र-सरलीकरण, निस्तारण, समाधान के तहत कार्य करते हुये राज्य निरन्तर प्रगति कर रहा है।

#### जल सुरक्षा और सतत विकास पर भी विशेषज्ञों ने रखे विचार

**रुड़की।** रुड़की वॉटर कॉन्क्लेव 2024, 2020 में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू की गई परंपरा की निरंतरता का प्रतीक है, जो जलवायु परिवर्तन के जल विज्ञान संबंधी पहलुओं पर केंद्रित था, जिसके बाद 2022 में दूसरा संस्करण हुआ, जिसका विषय जल सुरक्षा और सतत विकास था। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन की तीसरी किश्त के रूप में, रुड़की वाटर कॉन्क्लेव 2024 पानी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने की अपनी विरासत पर आधारित है। 50 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों और 12 से अधिक प्रायोजकोंध्प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ, स्प्रिंगर के साथ एक पुस्तक के आगामी प्रकाशन और सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में दो विशेष मुद्दों के साथ, यह आयोजन जल अनुसंधान एवं नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। जल प्रशासन, चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्मार्ट प्रबंधन एवं पारिस्थितिकी तंत्र कायाकल्प जैसे विषयों को कवर करने वाले अपने विविध तकनीकी सत्रों के माध्यम से, कॉन्क्लेव अधिक लचीले और जल-सुरक्षित भविष्य की दिशा में सार्थक चर्चा और कार्रवाई को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है।

#### कृषि व संबद्ध क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए दूरदर्शी बजट : खुडियां

**चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा की ओर से प्रस्तुत बजट 2024-25 की सराहना की और इसे दूरदर्शी और भविष्यवादी बताया, साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि यह कृषि को और बढ़ावा देगा। श्री खुडियां ने कहा कि पंजाब सरकार ने बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 13,784 करोड़ रुपये रखे हैं, जो पिछले साल (12027.70-सीआर) की तुलना में 12.74 प्रतिशत अधिक है। कृषि मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि ट्यूबवेलों के लिए मुफ्त बिजली जारी रखने के लिए बिजली सब्सिडी के लिए 9,330 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राज्य के अन्नदाताओं के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री खुडिया ने कहा कि पंजाब सरकार ने कृषि, मिट्टी के स्वास्थ्य और गिरती रोकथाम में सुधार के लिए किसानों को दो फसल चक्रों को छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसल विविधीकरण योजनाओं के लिए 575 करोड़ रुपये के आवंटन का भी प्रस्ताव रखा है।

### सुडोकू 6486 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

## हरदा ने माना 2019 में चुनाव प्रबंधन के अभाव में कांग्रेस का वोट बैंक घटा

**देहरादून,** 5 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य चुनाव लड़ाए जाने की अपनी इच्छा बताई है। उन्होंने कहा कि आर्य के चुनाव न लड़ने की स्थिति में प्रदीप टम्टा एक स्वाभाविक दावेदार हैं। इनमें से चुनाव कोई भी लड़े पर दोनों की जीत के लिए काम करना हरीश रावत ने अपना धर्म बताया है। सोशल मीडिया में लिखी पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि 2019 में चुनाव प्रबंधन के अभाव में पार्टी का वोट बैंक घटा है।इसके लिए काम करने को हम सभी कांग्रेसी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में प्रतिबद्ध हैं। लोकसभा चुनाव अत्यधिक कठिन और असाधारण परिस्थितियों में हो रहा है। 2012 के उपचुनाव में मैंने चुनाव प्रबंधन का काम संभाला था। 2014 के लोकसभा चुनाव में हमको राज्य और केंद्र की सत्तारोधी रुझान का सामना करना पड़ा था। उसके बावजूद भी चुनाव प्रबंधन के चलते टक्कर अच्छी हुई थी।उन्होंने कहा कि 2019 में पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष की अपने चुनाव में व्यस्तता और नेता प्रतिपक्ष की शारीरिक असमर्थता के कारण



चुनाव प्रबंधन अच्छा नहीं हो पाया था। मैं भी अपने चुनाव में फंसा रह गया। प्रबंधन के अभाव में पार्टी का वोट बैंक बहुत घट गया।किसी को भी मेरे योगदान पर संदेह करने का अधिकार नहीं है और मैं हमेशा सकारात्मक रहा हूं। बढ़ती उम्र के साथ क्षमता सीमित होती जाती है और पार्टी को चाहिए कि मेरी उपयोगिता व क्षमता का आकलन कर ही मुझसे अपेक्षा करें। वैसी भी क्रिकेट की भाषा में कोच और कप्तान को ही फ्रंट से नेतृत्व कर उदाहरण पेश करना होता है।

## मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद लागू होगी इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना

**शिमला,** 5 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल मंत्रिमंडल की बैठक 7 मार्च को शिमला में होगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होने वाली

- 7 मार्च को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में लगेगी मंजूरी की मोहर
- योजना की पात्रता की शर्तों पर भी चर्चा होने की संभावना

मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना पर मंजूरी की मोहर लगेगी। साथ ही योजना की पात्रता की शर्तों पर भी मंत्रिमंडल विस्तृत चर्चा करेगा। चर्चा तथा मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद सरकार पहली अप्रैल से इस योजना को लागू करेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री की बजट घोषणाओं पर भी चर्चा होनी है। लगातार दूसरे सप्ताह हो रही मंत्रिमंडल की तीसरी बैठक में घोषणाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश मुख्यमंत्री देंगे। इसकी वजह आगामी कुछ दिनों में लोक सभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनावी आचार संहिता लागू होना मानी जा रही है। आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार लोक लुभावन घोषणाओं को नहीं कर सकेगी। लिहाजा बजट घोषणाओं को पर फैसला लेने के बाद सरकार इन्हें धरातल पर उतारने की तरफ आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते रोज प्रदेश में महिलाओं को हर माह 1500 रुपए सम्मान राशि देने का ऐलान किया। महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान योजना के तहत यह रकम मिलनी है। मगर इसे अभी मंत्रिमंडल की मंजूरी नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने योजना को पहली अप्रैल से लागू करने की घोषणा की हुई है। लिहाजा मंत्रिमंडल की स्वीकृति आवश्यक है। विभाग ने सरकार को योजना को लागू करने के मकसद से चार फार्मूले दिए हैं। इन फार्मूलों में योजना को लागू करने की पात्रता को बताया गया है। सरकार किस फार्मूले को अपना कर प्रदेश की 5 लाख महिलाओं को सम्मान निधि देती है।

## अमृतसर के केन्द्रीय कारागार में हुआ पंजाब जेल ओलंपिक खेल का शुभारंभ

**अमृतसर,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर जिले के केन्द्रीय कारागार में मंगलवार को जेल ओलंपिक जोन स्तर के खेलों का शुभारंभ हुआ। इस खेलों में अमृतसर के अलावा पट्टी, होशियारपुर, पठानकोट, फिरोजपुर और तरनतारन जेलों के कैदी भाग ले रहे हैं। खेलों की शुरुआत से पहले शिक्षण संस्थानों की भांति बंदियों ने मार्च पास्ट किया गया। इसके अलावा भांगड़ा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में कैदियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) सह सचिव डीएलएसए रशपाल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में खेलों का उद्घाटन किया। उन्होंने कैदियों के पुनर्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जिस तरह से कैदी खेलों में इतने उत्साह से भाग ले रहे हैं, यह एक बहुत अच्छी प्रवृत्ति है और जीवन के प्रति आशा उन्हें पुनर्वास और सुधार की ओर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जोन में ऐसे खेल आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न जेलों के हजारों कैदी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। पहले दिन 'रस्साकसी' खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

## अजय भट्ट ने लालकुआं-अमृतसर ट्रेन की दी सौगात

**हल्द्वानी,** 5 मार्च (देशबन्धु) लोकसभा चुनाव 2024 से पहले केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से उत्तराखंड को बड़ी-बड़ी सौगात मिल रही हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। नैनीताल जिले के लालकुआं रेलवे स्टेशन से अमृतसर के बीच आज से नई ट्रेन का संचालन किया गया है, जिसका शुभारंभ नैनीताल-उधमसिंह नगर सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लालकुआं रेलवे स्टेशन से किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां के लोग अमृतसर के लिए ट्रेन की मांग कर रहे थे, जिसको लेकर रेलवे से निवेदन किया गया था। रेलवे ने लोगों की मांग को देखते हुए लालकुआं से अमृतसर के बीच नई ट्रेन का संचालन शुरू किया। मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड में भी सिख समाज के कई धार्मिक स्थल हैं। लालकुआं से ट्रेन का संचालन शुरू हो जाने से पर्यटन की अपार संभावना बढ़ेंगी। साथी कुमाऊं मंडल से अमृतसर को जाने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल से अमृतसर को ट्रेन संचालन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई बार आग्रह कर चुके थे। मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि अभी यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी, लेकिन यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अन्य दिनों में भी इसे चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या (15015) लालकुआं से अमृतसर के बीच हर मंगलवार को



- चुनाव से पहले रेल शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर
- केन्द्र ने सरकार का जताया आभार

चलेगी। ये ट्रेन सप्ताह में एक दिन मंगलवार को दोपहर 1:40 बजे लालकुआं से रवाना होगी, जो रुद्रपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला, लुधियान और जालंधर सिटी होते हुए अगले दिन बुधवार सुबह 02:20 पर अमृतसर पहुंचेगी। बुधवार को 15016 अमृतसर लालकुआं एक्सप्रेस वापसी करेगी। हर बुधवार को ये ट्रेन अमृतसर से सुबह 05:55 बजे लालकुआं के लिए प्रस्थान करेंगी, जो उसी दिन यानी बुधवार को शाम 17:35 बजे लालकुआं पहुंचेगी। ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के एक कोच सहित कुल 18 कोच लगाए गए हैं। ट्रेन संचालन पर लोगों ने अजय भट्ट को बधाई दी है।

## बजट सत्र के दौरान हंगामे के बीच दस्तावेज उछालने का मुद्दा प्रदेश विधान सभा की विशेषाधिकार समिति तक पहुंचा

**शिमला,** 5 मार्च (देशबन्धु)। बजट सत्र के दौरान हंगामे के बीच दस्तावेज उछालने का मुद्दा प्रदेश विधान सभा की विशेषाधिकार समिति तक पहुंच गया है। भाजपा विधायकों ने हंगामे के बीच दस्तावेज सदन में उछाले थे। एक ओर जहां अब भाजपा को विधायकों पर कार्रवाई का खौफसता रहा है। वहीं दूसरी ओर विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस मुद्दे पर संपर्क करने पर कहा कि विशेषाधिकार समिति का गठन किया गया है। कुछ मुद्दे ध्यान में आए थे। उन्हें समिति को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक इस मामले में और कुछ नहीं। उनका कहना था कि अभी ये मामला विचाराधीन है। इस बारे में जब भी कोई निर्णय लिया जाएगाए उसे सार्वजनिक करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश विधान सभा में बजट सत्र के दौरान कटौती प्रस्तावों पर चर्चा के बाद खासा हंगामा हुआ। विपक्षी भाजपा ने कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान की मांग की, मतदान नहीं करवाए जाने से भाजपा ने हंगामा किया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी काफी देर तक परिसर में हंगामा होता रहा। इसके बाद विधान सभा अध्यक्ष के कार्यालय में उनसे मिलने भाजपा के सदस्य पहुंचे। यहां मार्शलों के साथ भी धक्का मुक्की की चर्चा है। सदन में देखा गया कि हंगामे के बीच भाजपा के कुछ सदस्यों ने सदन में विधान सभा अध्यक्ष की टेबल पर रखे दस्तावेजों के साथ साथ रिपोर्टरों की टेबल पर पड़े दस्तावेजों को भी उछाला। 28 फरवरी को सदन में प्रश्नकाल शुरू होने से पहले संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान व कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्वाइंट आफ आर्डर के तहत इस मामले को उठाया था। दोनों ने विधानसभा अध्यक्ष से नियम 319 के तहत कार्रवाई करने की मांग रखी थी। जिसके बाद भाजपा के 15 विधायकों को सत्र से निलंबित किया गया था।

## अगले साल हिमाचल की सड़कों पर खर्च होंगे एक लाख करोड़ : अनुराग ठाकुर

- हमीरपुर से बिलासपुर सड़क भी फोर लेन होगा
- हिमाचल का पहला रिंग रोड हमीरपुर में होगा

अमित नेहरा

**हमीरपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से 15 राष्ट्रीय राजमार्ग और एक रोपवे परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि अगले साल हिमाचल की सड़कों पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य है।अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है और यहाँ सड़कें यातायात का मुख्य



साधन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है और देवभूमि को सौग़ातें देने में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी है। यह अपार हर्ष का विषय है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति में नितिन गड़करी ने हमीरपुर में 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से 15 राष्ट्रीय राजमार्ग और एक रोपवे परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास हुआ है। कनेक्टिविटी से जुड़ी यह सौग़ातें हिमाचल प्रदेश को प्रगति पथ पर और गति से आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में इन परियोजनाओं के निर्माण से हमीरपुर से मंडी की दूरी 15 किमी कम होगी तथा टौणी देवी, अवाहदेवी, सरकाघाट, धर्मपुर आदि क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। दारलाघाट सीमेंट फैक्टरी एवं एम्स बिलासपुर को 4-लेन कनेक्टिविटी मिलने से इस क्षेत्र की आवागमन की सुविधा बढ़ेगी व पर्यटन का विकास होगा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### मोदी चुनाव की नहीं देश की करते हैं चिंता

**शिमला।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव की बजाय देश की चिंता करते हैं। आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर हैं। हम आज सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था हैं और हमें कई क्षेत्रों में अभी काफी आगे जाना है। अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रवास के दौरा न ऊना और हमीरपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने ऊना के चौकी मन्यार में नवनिर्मित पोस्ट ऑफिस भवन का उद्घाटन किया और उसके बाद सलोह में त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया। इसके पश्चात ठाकुर ने ऊना जिला भाजपा कार्यालय से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई फिर ऊना रेलवे स्टेशन पर हरिद्वार तक जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। शाम को ठाकुर ने हमीरपुर में रंगारंग पहाड़ी महिला संगीत कार्यक्रम में भाग लिया। डाकघर के उद्घाटन पर अनुराग सिंह ठाकुर ने लोगों से डाकघर द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता में अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, हिमाचली संस्कृति की रीढ़ हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोक गीतों, नाटकों और कहानियों के माध्यम से इसे जीवित रखती हैं। महिला पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता इसी को ध्यान में रख कर शुरू की गई है। बाइक रैली के दौरान सभा को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने लोगों से हेलमेट के प्रति जागरूक होने को कहा। हरिद्वार तक जाने वाली ट्रेन के लोकार्पण समारोह में ठाकुर ने कहा कि लोग मुझसे पूछते थे कि अयोध्या धाम तक तो आपने ट्रेन चला दी लेकिन हरिद्वार तक कब ट्रेन चलाओगे? मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमने मात्र 21 दिनों में हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन चला दी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल को सदैव अपना दूसरा घर माना है। मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में जब वंदे भारत ट्रेन नहीं चली थी, तब वंदे भारत ट्रेन ऊना से चलाई गई थी।

## फैमिली प्लानिंग के लिए पुरुषों को आगे आने की जरूरत : श्रुति हासन

**मुंबई।** एक्ट्रेस श्रुति हासन ने बर्थ कंट्रोल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि यह बेहद जरूरी है कि पुरुष इसकी जिम्मेदारी लें। उन्होंने इसके लिए गर्भनिरोधक उपायों की वकालत की। साथ ही कहा कि उन्हें पालन-पोषण की ओर भी ध्यान देने के जरुरत है। अपने दिल की बात खुलकर कहने के लिए मशहूर एक्ट्रेस श्रुति हासन ने कहा कि हम ऐसे समाज में रहते है जहां फैमिली प्लानिंग को लेकर ज्यादातर परिवारों में बात नहीं होती। इसके लिए पुरुषों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने बच्चे पैदा करने और परिवार बढ़ाने के बारे में बात करते हुए कहा कि क्या महिलाएं चौथा या पांचवां बच्चा पैदा करने का जोखिम उठा सकती हैं। पुरुष इस बात को समझना ही नहीं चाहते, और फिर सारी जिम्मेदारी महिला पर आ जाती है।

### भगवान शिव की भक्ति में डूबा हरिद्वार

# गंगाजल भरने पहुंच रहीं महिला कांवड़िया

## हरकी पैड़ी समेत तमाम घाट कांवड़ियों से पटे

**हरिद्वार,** 5 मार्च (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि का पर्व आगामी 8 मार्च को है। ऐसे में गंगाजल लेने के लिए कांवड़ियों की भीड़ हरिद्वार में उमड़ रही है। हरिद्वार के हरकी पौड़ी समेत तमाम घाट कांवड़ियों से पट गए हैं। कांवड़ियों में पुरुष तो हमेशा से ही कांवड़ लेने हरिद्वार पहुंचते हैं, लेकिन इस बार महिला कांवड़िया भी बड़ी

■ महिलाओं का कहना था कि जिस तरह से उन्होंने अपने पति के सुख दुख में साथ निभाने की कसम खाई थी, उसी तरह से पति के साथ कांवड़ लेकर जाने से काफी खुशी मिल रही है।

संख्या में हरिद्वार पहुंच रही हैं। महिला कांवड़िया भी पूरे उत्साह से हरकी पैड़ी से गंगाजल भरकर कंधे पर कांवड़ रखकर रवाना हो रही हैं। इनमें कई महिलाएं पहली बार तो कई दूसरी बार कांवड़ लेने आई हैं। महिला कांवड़ियों ने बताया कि वो अपने पति और अपने रिश्तेदारों के साथ कांवड़ उठाने हरिद्वार आई हैं। इससे पहले भी कई महिलाएं कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार आ चुकी हैं। उनका कहना है कि घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रही रहे, इसके लिए उनकी आस्था हमेशा से भगवान पर बनी रही है। महिलाओं का कहना था कि जिस तरह से उन्होंने अपने पति के सुख दुख में साथ निभाने की कसम खाई थी, उसी तरह से पति के साथ कांवड़ लेकर जाने काफी खुशी मिल रही है। इस तरह से भगवान भोलेनाथ की कृपा सदा



उन पर बनी रहती है। दूर-दूर से हरिद्वार पहुंच रहे कांवड़िया रंग बिरंगी और तरह-तरह की कांवड़ सजाकर ले जा रहे हैं। यहां हरकी पैड़ी पर कांवड़ों के सुंदर नजारे देखने को मिल रहे हैं। कोई खड़ी कांवड़ तो कोई झूला कांवड़ लेकर निकला है। सभी अपने-अपने तरीके से आराध्य देव महादेव को प्रसन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी पत्नी के साथ कर लेकर आए विनीत ने बताया कि वो पहली बार अपनी पत्नी को साथ लेकर हरिद्वार गंगाजल लेने आए हैं, उनकी धर्मपत्नी भी कांवड़ में पूरा सहयोग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हर साल उनकी धर्मपत्नी पूछा करती थी कि किस तरह से कांवड़ उठाई जाती है? कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? ऐसे में उन्होंने अपनी पत्नी की जिज्ञासा शांत करने और भक्ति में लीन होने के लिए पत्नी को साथ लाएं हैं। उनकी पत्नी को कांवड़ उठाने में आनंद आ रहा है। बता दें कि हरिद्वार में साल में दो बार कांवड़ मेला आयोजित होता है। इन दिनों शारदीय यानी शिवरात्रि में होने वाला कांवड़ मेला चल रहा है। आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि तक कावड़ियों की भीड़ इसी तरह हरिद्वार में जुटी रहेगी।

## लोधेश्वर महादेवा मंदिर प्रांगढ़ में कांवरियों का आना शुरु

**बाराबंकी,** 5 मार्च (एजेंसियां) महाशिवरात्रि के नजदीक आने के साथ ही लोधेश्वर महादेवा मंदिर की ओर आने वाली सड़कों पर कंधे पर रंग बिरंगे कवर लेकर और पैरों में घुंघरू बांधे नाचते गाते कांवरियों का जत्थे दिखना शुरु हो गये हैं। अपने आराध्य शिव की पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने के लिये ये कांवरिये अपने साथ ले गए पवित्र गंगाजल फूल माला आदि से यह भगवान शिव का श्रृंगार करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हैं। इनका विश्वास है कि यहां से मांगी गई कोई मुराद खाली नहीं होती। इसी आस्था को लेकर कांवरिया मिलो का सफर पैदल तय करते हैं।

कुछ लोग महाशिवरात्रि से पहले ही भगवान शिव पर जल चढ़कर अपने घर वापस हो जाते हैं वही कुछ श्रद्धालु वहां रुककर शिवरात्रि के दिन का इंतजार कर चार पहर की पूजा करते हैं। कानपुर अमेठी सीतापुर उरई जालौन उन्नाव लखनऊ से कांवरिया पैदल लोधेश्वर महादेव पहुंचने लगे हैं। उनकी सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने जहां इंतजाम किए हैं वही समाजसेवी संस्थाओं ने जगह-जगह पर पंडाल लगाकर इनके रहने खाने की व्यवस्था की है। जैसे-जैसे महाशिवरात्रि नजदीक आ रही है वैसे इनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है हर तरफ बम भोले बम बम भोले की गूंज सुनाई दे रही है।

## दुनिया के सबसे बड़े रीवा के नगाड़े से होगी अयोध्या में रामलला की आरती

**भोपाल,** 5 मार्च (आईएएनएस)। अयोध्या में होने वाली रामलला की आरती में रीवा का नगाड़ा बजेगा। दुनिया का सबसे बड़ा नगाड़ा अयोध्या भेजा जा रहा है। राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोशल मीडिया पर नगाड़े की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है। रीवा के नगाड़े से होगी रामलला की आरती। भाजपा सरकार में विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा रीवा से अयोध्या पहुंचेगा। यह सभी रीवावासियों के लिए दिव्य



क्षण है कि हम सभी के आराध्य श्री रामलला की आरती रीवा के नगाड़े से होगी। जय सियाराम। बताया गया है कि रीवा से भेजा जाने वाला यह नगाड़ा एक टन वजन का है और इसकी चौड़ाई 11 फुट है। यह नगाड़ा 13 मार्च को अयोध्या पहुंचेगा। बता दें कि सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उनके मंत्री परिषद के सदस्यों ने सपत्नीक अयोध्या की यात्रा कर रामलला के दर्शन किए थे। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राज्य के लोगों के लिए धर्मशालाएं बनाने की भी मंशा जाहिर की है। राज्य सरकार की ओर से भी प्रदेशवासियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भेजा जा रहा है।

## दुनिया का पहला वेब प्लेटफ़ॉर्म-आधारित रोबोट ओएस इस सप्ताह आएगा

**सियोल,** 5 मार्च (एजेंसियां)। ऊदी अरब में गूगल, एपल, मेटा प्लेटफ़ॉर्म, एडब्लूएस और अन्य वैश्विक बड़ी तकनीकों के साथ लीप 2024 कार्यक्रम में शामिल हो रहा है।

अपने अधिकारियों के अनुसार, इवेंट के दौरान कोरियाई कंपनी व्हेल ओएस द्वारा संचालित एआरसी माइंड पेश करेगी, जो दुनिया का पहला वेब प्लेटफॉर्म-आधारित रोबोट ओएस है, जो दुनिया भर में रोबोटिक्स डेवलपर्स को विभिन्न रोबोट सेवाएं बनाने में मदद करेगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एआरसी माइंड रोबोट सेवाओं के साथ मौजूदा अनुप्रयोगों के कनेक्शन का समर्थन करेगा और इसमें रोबोट के नियंत्रण, अनुभूति और आंदोलन के लिए एक वेब एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस शामिल होगा।

नावेर ने कहा कि उसकी योजना पहले अपने रोबोटों पर एआरसी माइंड को लागू करने की है, जो मूल रोबोट ओएस की तुलना में तेज और हल्का है और बाद में एक खुला पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा। इवेंट के दौरान कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सह-विकसित अगली पीढ़ी के रोबोट प्लेटफॉर्म का भी




■ इवेंट के दौरान कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सह-विकसित अगली पीढ़ी के रोबोट प्लेटफॉर्म का भी अनावरण करेगी

अनावरण करेगी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त रूप से नावेर के ओएस और सॉफ्टवेयर समाधान और सैमसंग के सेमीकंडक्टर समाधानों को मिलाकर एक रोबोटिक्स एज कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जिसमें सिस्टम ऑन चिप और इमेज सेंसर शामिल हैं।

## महाशिवरात्रि से पहले मुंबई के बाबुलनाथ मंदिर पहुंचे शो 'अटल' के कलाकार

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। टेलीविजन शो अटल के कलाकार महाशिवरात्रि से पहले मुंबई के प्रसिद्ध बाबुलनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित इस शो में युवा अटल का किरदार निभाने वाले एक्टर व्योम ठक्कर ने नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी के साथ मंदिर में दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

शो में कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस नेहा ने शेयर किया कि मंदिर में उन्हें सकारात्मक ऊर्जा के साथ शांति का अहसास हुआ।

उन्होंने कहा कि भक्ति और सामूहिक प्रार्थना से गूंजते माहौल ने एकता की भावना पैदा की। दर्शन के बाद पुजारी ने हमारे माथे पर टीका लगाया। महाशिवरात्रि उत्सव दर्शन करना एक अनोखा और गहरा अनुभव था। मंदिर को रोशनी और सजावट के सामान से सजाया गया था। आशुतोष कुलकर्णी ने कहा कि वह कई वर्षों से मुंबई में रह रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी बाबुलनाथ



मंदिर जाने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह शहर के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। मुझे आखिरकार इस साल अपने शो की टीम के साथ महाशिवरात्रि से पहले दर्शन करने का मौका मिला। मैं और मेरा परिवार भगवान शिव के कट्टर भक्त हैं। हम हर साल महाशिवरात्रि के दौरान व्रत रखते हैं और दर्शन करते हैं। बाबुलनाथ मंदिर की यात्रा ने मेरे आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ा दिया। इसने मुझे आध्यात्मिक तृप्ति की गहरी अनुभूति दी, जैसे कि मैं किसी पवित्र और असाधारण चीज का हिस्सा रहा हूं।

व्योम ठक्कर ने कहा कि बाबुलनाथ मंदिर में यह मेरी पहली यात्रा थी। प्रतिष्ठित बाबुलनाथ मंदिर में कदम रखते ही, मैं विस्मय से भर गया क्योंकि पवित्र वातावरण और भक्ति ने मेरे अंदर आध्यात्मिक श्रद्धा की भावना पैदा की। मैंने शिवलिंग पर फल और दूध चढ़ाया।

## सीरीज 'महारानी' 7 मार्च को सोनी लिव पर आएगी

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस श्रुति हासन ने बर्थ कंट्रोल पर खुलकर बात करते हुए कहा कि यह बेहद जरूरी है कि पुरुष इसकी जिम्मेदारी लें। उन्होंने इसके लिए गर्भनिरोधक उपायों की वकालत की। साथ ही कहा कि उन्हें पालन-पोषण की ओर भी ध्यान देने के जरुरत है। अपने दिल की बात खुलकर कहने के लिए मशहूर एक्ट्रेस श्रुति हासन ने कहा कि हम ऐसे समाज में रहते है जहां फैमिली प्लानिंग को लेकर ज्यादातर परिवारों में बात नहीं होती। इसके लिए पुरुषों को आगे आने की जरूरत है।

उन्होंने बच्चे पैदा करने और परिवार बढ़ाने के बारे में बात करते हुए कहा कि क्या महिलाएं चौथा या पांचवां बच्चा पैदा करने का जोखिम उठा सकती हैं। पुरुष इस बात को समझना ही नहीं चाहते, और फिर सारी जिम्मेदारी महिला पर आ जाती है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है जिन पर चर्चा की जानी चहिए। इस बारे में बात करते हुए कि पुरुष अधिक जिम्मेदारी कैसे ले सकते हैं, श्रुति ने कहा कि पुरुष इसमें कई तरीकों से अपनी भागीदारी दे सकते हैं। वह अपनी नसबंदी करवा सकते हैं या सुरक्षा उपायों का प्रयोग कर सकते हैं। इस तरह से इन सबकी जिम्मेदारी अकेले महिला पर नहीं पड़ेगी।

## सोमवार से शुक्रवार तक एंड टीवी पर प्रसारित होता है 'अटल'

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। आगामी स्ट्रीमिंग पॉलिटिकल ड्रामा शो महारानी 3 के निर्देशक सौरभ भावे ने एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हुमा अपने काम को लेकर इतनी खास हैं कि सेट पर आते ही वह अपने मुख्य किरदार रानी भारती में आ जाती हैं। शो में हुमा एक गृहिणी की भूमिका निभाती हैं, जो एक घटना के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है।

शो के आगामी सीजन में वह अपने राजनीतिक विरोधी नवीन कुमार (अमित सियाल) का मुकाबला करती नजर आएंगी। हुमा के साथ काम करने को लेकर सौरभ ने कहा कि हुमा के साथ काम करना खुशी की बात थी। वह बहुत पेशेवर कलाकार हैं। वह सेट पर बहुत विनम्र और मजेदार तरीके से रहती हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मेरा मानना है कि फिल्म के सेट की ऊर्जा स्क्रीन पर दिखाई देती है। वह सेट पर कदम रखते ही रानी भारती बन जाती हैं। उन्होंने कहा कि हुमा ने इतने अच्छे तरीके से अपने बिहारी लहजे वाले किरदार को निभाया, कोई नहीं कह सकता कि वह बिहार या भारत के किसी ग्रामीण हिस्से से नहीं हैं। हमारे पास सबसे बहुमुखी अभिनेत्री हैं। महारानी एक बहुत लोकप्रिय शो है। सेट पर कलाकारों और क्रू ने मुझे घर जैसा महसूस कराया है।


## सेट पर कदम रखते ही 'रानी भारती' बन जाती हैं हुमा कुरैशी : सौरभ भावे

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। आगामी स्ट्रीमिंग पॉलिटिकल ड्रामा शो महारानी 3 के निर्देशक सौरभ भावे ने एक्ट्रेस हुमा कुरैशी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हुमा अपने काम को लेकर इतनी खास हैं कि सेट पर आते ही वह अपने मुख्य किरदार रानी भारती में आ जाती हैं। शो में हुमा एक गृहिणी की भूमिका निभाती हैं, जो एक घटना के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है। शो के आगामी सीजन में वह अपने राजनीतिक विरोधी नवीन कुमार (अमित सियाल) का मुकाबला करती नजर आएंगी। हुमा के साथ काम करने को लेकर सौरभ ने कहा कि हुमा के साथ काम करना खुशी की बात थी। वह बहुत पेशेवर कलाकार हैं। वह सेट पर बहुत विनम्र और मजेदार तरीके से रहती हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि मेरा मानना है कि फिल्म के सेट की ऊर्जा स्क्रीन पर दिखाई देती है।

## इन दिनों एक किताब पढ़ने में व्यस्त हैं काजोल

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार काजोल आजकल एक किताब पढ़ रही हैं, जिसकी कुछ बातें एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ शेयर की।

काजोल ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज में ईविल आई की एक झलक शेयर की। एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन दिया कि आप जो भी चाहते हैं उस पर विश्वास करें। आप ऐसा क्यों सोचेंगे कि आप असफल हो जाएंगे। हालांकि 49 वर्षीय अभिनेत्री ने किताब के बारे में अधिक जानकारी शेयर नहीं की। सोमवार को काजोल ने ट्रैफिक समस्याओं से निपटने के लिए एक आसान समाधान शेयर किया था। एक्ट्रेस ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें काजोल को कार की पिछली सीट पर बैठे क्रोशिया चलाते देखा जा




सकता है। काजोल को पिछली बार लस्ट स्टोरीज 2 और द ट्रायल में देखा गया था। वह जल्द ही आगामी फिल्म दो पत्ती में कृति सेनन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।

# सैलानियों को लुभाएगी हुगली के नीचे चलने वाली कोलकाता मेट्रो

**कोलकाता,** 5 मार्च (एजेंसियां)। बहती नदी के नीचे देश की पहली सुरंग से होकर गुजरने वाली मेट्रो ट्रेन बुधवार से कोलकाता वासियों के जीवन को आसान बनाने के साथ ही देश भर के सैलानियों के लिए एक अनोखा आकर्षण बन जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कोलकाता मेट्रो की हावड़ा मैदान-एस्पलेनैड मेट्रो खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड और तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड (जोका-एस्पलेनैड लाइन का हिस्सा) परियोजना का लोकार्पण करेंगे और इस तरह से देश के बुनियादी ढांचे की विकास परियोजनाओं में एक नया सितारा जगमगाने लगेगा। उल्लेखनीय है कि हावड़ा मैदान - एस्पलेनैड मेट्रो खंड में भारत की किसी भी बड़ी एवं तीव्र प्रवाह वाली नदी के नीचे पहली परिवहन सुरंग है। हावड़ा मेट्रो स्टेशन भारत का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन है। कोलकाता मेट्रो रेल निगम (केएमआरसी) लिमिटेड द्वारा निर्मित इस सुरंग में मेट्रो रेल हुगली नदी के



जल प्रवाह के 510 मीटर लंबे भाग को 45 सेकेंड में पार करेगी। अपने तरह की इस अद्वितीय सुरंग को जमीन से 33 मीटर और नदी की तलहटी के 16 मीटर नीचे, जर्मनी से आयातित विशेष मशीन अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मशीन (ईपीबीएम) से तैयार किया गया है।

हावड़ा मैदान से सेक्टर 5 के बीच 16.55 किलोमीटर लंबी पूर्व-पश्चिम मेट्रो परियोजना में 9.25 किलोमीटर का हिस्सा सियालदह से सेक्टर 5 तक पहले ही बन चुका है।

■ कोलकाता मेट्रो रेल निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित इस सुरंग में मेट्रो रेल हुगली नदी के जल प्रवाह के 510 मीटर लंबे भाग को 45 सेकेंड में पार करेगी

■ हुगली के जल प्रवाह के 33 मीटर नीचे 510 मीटर लंबे भाग को बनाना बहुत ही जोखिम और सावधानी वाला कार्य था

सियालदह से हावड़ा मैदान का हिस्सा अब परिचालन के लिए तैयार हो चुका है। इसके मार्ग में 12 स्टेशन हैं, जिसमें छह भूमिगत और छह एलिवेटेड हैं। पूर्व रेल के दो बड़े स्टेशनों-हावड़ा एवं सियालदह को जोड़ने वाली यह मेट्रो लाइन हुगली नदी के नीचे से निकलती है। हुगली के जल प्रवाह के 33 मीटर नीचे 510 मीटर लंबे भाग को बनाना बहुत ही जोखिम और सावधानी वाला कार्य था। परियोजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार नदी के नीचे सुरंग तकनीकी तौर पर पूरी तरह से सुरक्षित है। इसमें ट्रेन के परिचालन में किसी भी प्रकार की असुरक्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकारियों के मुताबिक सामान्यतः सुरंग बनाने में 120 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर की लागत आयी है लेकिन नदी के नीचे निर्माण में 157 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर की लागत आयी है। पूर्व-पश्चिम मेट्रो परियोजना की कुल अनुमानित लागत 10442 करोड़ रुपए है जिसमें से एस्पलेनैड स्टेशन से हावड़ा मैदान तक करीब साढ़े चार किलोमीटर के भूमिगत खंड की लागत 4138 करोड़ रुपये है। भूमिगत मेट्रो मार्ग में आने एवं जाने वाली दोनों लाइनों के लिए दो पृथक सुरंगें बनायी गई हैं। जिनका व्यास करीब 5.55 मीटर है। नदी के नीचे मेट्रो ट्रेन की गति 80 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और नदी के नीचे वाली 510 मीटर की दूरी 45 सेकेंड में पार कर लेगी। इस मेट्रो रेल परियोजना में एक खास बात यह है कि इसमें मेट्रो ट्रेन ऊपर ओएचई तार से बिजली लेने की बजाय थर्ड रेल से डीसी बिजली लेगी। इससे 720/50 डीसी करंट बिजली की खपत एसी करंट की तुलना में काफी कम होगी, यानी परिचालन लागत पर सीधा असर पड़ेगा।एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मेट्रो रेल मार्ग पर स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म इस तरह से बनाए गए हैं कि गाड़ी के दोनों तरफ के गेट खुलेंगे। इससे यात्रियों को चढ़ने उतरने में आपाधापी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्लेटफॉर्म पर लाइन की तरफ कांच की दीवार और स्वचालित द्वार बनाये गये हैं, जो गाड़ी के आने पर खुलेंगे। यह दिल्ली हवाई अड्डे की एक्सप्रेस लाइन मेट्रो रेल के समान ही है। इस मेट्रो रेल के चलने पर हावड़ा और सियालदाह के बीच की दूरी 40 मिनट में तय होगी। अभी सड़क मार्ग से यह दूरी तय करने में कम से कम डेढ़ घंटा लगता है। यह परियोजना पूरी होने के बाद मेट्रो से करीब 30 लाख लोगों की आवाजाही हो सकेगी।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.52 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 3.06 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.52 प्रतिशत |
| सन फ़ार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.26 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 4.28 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.17 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.93 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.72 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.34 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे। जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# केंद्र ने 17 राज्यों में शुरू किए 200 सीएनजी स्टेशन

- भारत की पहली लघु एलएनजी इकाई राष्ट्र को समर्पित
- हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में मोदी सरकार के प्रयास का हिस्सा
- देशभर में सीएनजी स्टेशनों की कुल संख्या 6,200 से अधिक हो गई



**नई दिल्ली**, 5 मार्च (एजेंसियां)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को 17 राज्यों में 201 कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशन और मध्य प्रदेश के विजयपुर में भारत की पहली लघु एलएनजी इकाई राष्ट्र को समर्पित की।

यह हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में मोदी सरकार के प्रयास का हिस्सा है। ये स्टेशन पारंपरिक ईंधन के हरित विकल्प के रूप में परिवहन क्षेत्र और घरेलू रसोई में सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देंगे और इसे नए क्षेत्रों में उपलब्ध कराएंगे।

स्टेशनों का समर्पण यहां एक समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की प्राकृतिक गैस कंपनी गेल के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। आधिकारिक बयान के मुताबिक, गेल की 15 सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) इकाइयों ने 201 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं, जिनमें से 53 स्टेशन गेल गैस लिमिटेड के, 50 इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के, 43 गेल के और 20 महानगर गैस लिमिटेड के हैं।

बाकी में से चार अवंतिका गैस लिमिटेड के, दो बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड के, तीन सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के, एक गोवा नेचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड के हैं।

ग्रीन गैस लिमिटेड को तीन, हरिद्वार नेचुरल गैस लिमिटेड का एक, पूर्व भारती गैस लिमिटेड के दो, राजस्थान स्टेट गैस प्राइवेट लिमिटेड का एक, त्रिपुरा नेचुरल गैस कंपनी लिमिटेड का एक और एक वडोदरा गैस लिमिटेड का है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के 12वें सीजीडी बोली के तहत दिए गए जीए में चल रहे सीजीडी विकास परियोजना के पूरा होने के बाद लगभग पूरे भारत की आबादी और भौगोलिक क्षेत्र को प्राकृतिक गैस तक पहुंच प्राप्त होगी। देशभर में सीएनजी स्टेशनों की कुल संख्या 6,200 से अधिक हो गई है, जबकि घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों की संख्या लगभग 1.21 करोड़ है।

# आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर पर लगा लोअर सर्किट

- अनिश्चितकाल तक रहेगा प्रतिबंध



**नई दिल्ली,5 मार्च (एजेंसियां)।** आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस को तत्काल प्रभाव से गोल्ड लोन देने पर रोक लगा दी थी। आरबीआई के आदेश के बाद मंगलवार को आईआईएफएल फाइनेंस के शेयरों में 20 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया। शेयर 20 फीसदी गिरावट के साथ 478.50 रुपए पर कारोबार कर रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हमारा मानना है कि यह आईआईएफएल के लिए एक बड़ा झटका है। इसके गोल्ड लोन का हिस्सा 32 प्रतिशत है और कंपनी द्वारा दिए गए उधार का एक बड़ा हिस्सा गोल्ड लोन में है। चूंकि ये प्रक्रिया-संबंधी खामियां हैं, इसलिए कंपनी गोल्ड लोन पोर्टफोलियो को सुधारने के लिए नियामक के साथ काम कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, यह प्रतिबंध कब तक प्रभावी रहेगा, इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। आईआईएफएल के मुनाफे पर इस प्रतिबंध का कितना प्रभाव पड़ेगा, यह भी कह पाना मुश्किल है। आरबीआई ने मार्च 2023 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति को लेकर किए गए निरीक्षण के निष्कर्षों को भी साझा किया।

## गूगल ने सभी हटाए गए ऐप्स को अस्थायी रूप से किया बहाल

- सरकार ने की टेक दिग्गज व डिजिटल स्टार्टअप से बातचीत

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील वाले डेवलपर्स के सभी डिलिस्टेड ऐप्स को अस्थायी रूप से बहाल कर रहा है, क्योंकि सरकार ने मामले को सुलझाने के लिए टेक दिग्गज और डिजिटल स्टार्टअप से बातचीत की है।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि वह विभिन्न अदालतों में स्थापित अपने बिजनेस मॉडल को लागू करने के अपने अधिकार को बरकरार रखे हुई है। उन्होंने कहा कि हम अंतरिम में अपनी पूरी लागू सेवा शुल्क का भुगतान करेंगे और इन कंपनियों के लिए भुगतान की समय-सीमा बढ़ा रहे हैं। सर्च इंजन गूगल ने आगे कहा कि वह सभी पक्षों की जरूरतों का सम्मान करने वाले समाधान खोजने के लिए सहयोगात्मक प्रयास की उम्मीद करता है। इससे पहले दिन में, केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल इस मुद्दे को हल करने के लिए सहमत हो गया है और 10 कंपनियों से संबंधित सभी ऐप्स को बहाल करेगा।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली**,5 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट चढ़कर 4040 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट के साथ 44.94 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# यूपी में फास्ट एंप्लॉयमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बन रहा एफएमसीजी

**लखनऊ**, 5 मार्च (एजेंसियां)। फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) उत्तर प्रदेश में फास्ट एंप्लॉयमेंट जेनरेट करने वाला सेक्टर बनने की राह पर है। एफएमसीजी सेक्टर के तहत देश और दुनिया के कई बड़े लीडर्स उत्तर प्रदेश के बड़े बाजार में खुद को उतारने के लिए तैयार हैं। हाल ही में संपन्न हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के तहत इस सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए के निवेश का दावा किया जा रहा है।



- एफएमसीजी सेक्टर के तहत कई बड़े लीडर्स यूपी के बाजार उतरने के लिए तैयार
- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत इस सेक्टर में हजारों करोड़ रुपए के निवेश का दावा

सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार एफएमसीजी सेक्टर में जो बड़े इन्वेस्टमेंट्स धरातल पर उतरे हैं, उनमें वरुण बेवरेजेज लिमिटेड का प्रोजेक्ट भी शामिल है। इसने पूर्वांचल, बुंदेलखंड और मध्यांचल क्षेत्रों (प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी, चित्रकूट) में फ्रूट पल्प, फ्रूट जूस आधारित ड्रिंक्स, बेवरेजेस पर आधारित सिरप और पैकेजिंग प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट विकसित करने के लिए 3,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे 1,500 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है।

इसी तरह, मून बेवरेजेज लिमिटेड ने हापुड़ (पश्चिमांचल) में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और जूस बनाने के लिए एक इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड फैक्ट्री स्थापित करने हेतु 756 करोड़ रुपए का निवेश किया है। अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से तैयार किए जाने वाली यह अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री 752 से अधिक नौकरियां सृजित करेगी। इसके तहत यूपी में लग रहे प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत भारतीय बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के ज्वॉइंट वेंचर्स ने मुजफ्फरनगर (पश्चिमांचल) में 600 करोड़ रुपए का निवेश किया है, इस निवेश से क्षेत्र में 500 से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा हो रहे हैं।

वहीं, बालाजी वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड ने हरदोई (मध्यांचल) में इंटीग्रेटेड फूड प्रॉसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश धरातल पर उतारा है, जिससे 1,500 नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

## सार संक्षेप

### डॉ. शेठ ने डॉक्टर्स फॉर यू के साथ मिलकर 'हेल्दी इंडिया पहल- हेल्दी इंडिया हेल्दी यू' को किया लॉन्च

**गुरुग्राम।** डॉ. शेठ, जो होनासा कंज्यूमर पोर्टफोलियो का एक ब्रांड है, स्वस्थ भारत के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ डॉक्टर्स फॉर यू (डीएफवाई) के साथ मिलकर 'हेल्दी इंडिया पहल' के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह भागीदारी एक बदलावकारी यात्रा की शुरुआत का संकेत है, जिसका उद्देश्य भारत के दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवा को एक नया आकार देना और ग्रामीण भारत में सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से, डॉ. शेठ हेल्थमोबाइल ऑन व्हील्स की पहल शुरू करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वास्थ्य सेवा शहरी केंद्रों तक ही सीमित न रहे बल्कि पिछड़े समुदायों तक भी पहुंचे।

### रुपया एक पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया एक पैसे बढ़कर 82.89 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.90 रुपए प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 82.90 रुपए प्रति डॉलर पर सपाट खुला सत्र के दौरान लिवाली होने से यह 82.93 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.86 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 82.90 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले एक पैसे बढ़कर 82.89 रुपए प्रति डॉलर हो गया।

### लुब्रिज़ोल ने भावना बिन्द्रा को बनाया प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** लुब्रिज़ोल कॉर्पोरेशन ने भावना बिन्द्रा को इंडिया, मिडल ईस्ट एण्ड अफ्रीका का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। अपनी नई नियुक्ति में भावना बिन्द्रा लुब्रिज़ोल के विकास के लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान देंगी। उद्योग में दो दशकों से अधिक अनुभव तथा रेहाउ एवं क्युमिन्स इंडिया के साथ काम करने के बाद सुश्री बिंद्रा अपने नेतृत्व एवं विशेषज्ञता का उपयोग कर क्षेत्र में लुब्रिज़ोल के विकास में योगदान देंगीं।

### लावा ने लॉन्च किया 64 एमपी कैमरा

**नई दिल्ली।** घरेलू स्मार्टफोन ब्रांड लावा ने मंगलवार को एक नया स्मार्टफोन - ब्लेज़ कर्व 5जी लॉन्च किया, जिसमें 64 एमपी कैमरा और 6.67-इंच 120एचजेड 3डी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले है। 17,999 रुपए से शुरू होने वाला यह स्मार्टफोन दो कलर वेरिएंट - आयरन ग्लास और विरिडियन ग्लास में आता है। यह 11 मार्च से अमेजन.इन, लावा ई-स्टोर और लावा रिटेल नेटवर्क पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक सुनील रैना ने एक बयान में कहा, 20 हजार से कम मूल्य सीमा में भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विकसित ब्लेज़ श्रृंखला के साथ हमारा मकसद ग्राहकों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करना है।

# शेयर बाजार में लगातार तीन दिन की तेजी थमी

- सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक व निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक पर बंद
- बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में हुआ कारोबार

**मुंबई**, 5 मार्च (एजेंसियां)। चीनी संसद के वार्षिक सत्र की शुरूआत में किसी बड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा नहीं होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.17 प्रतिशत फिसलकर 39,957.82 अंक और स्मॉलकैप 0.63 प्रतिशत लुढ़ककर 45,206.84 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2579 में बिकवाली जबकि 1262 में लिवाली हुई वहीं 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 21 में तेजी रही।

बीएसई के 10 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.22, एफएमसीजी 1.02, वित्तीय सेवाएं 0.23, हेल्थकेयर 0.14, इंडस्ट्रियल्स 0.44, आईटी 1.61, कैपिटल गुड्स 0.37, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.36, टेक 0.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.03 प्रतिशत गिर गए। वहीं, ऊर्जा 0.55, यूटिलिटीज 0.65, ऑटो 1.30, तेल एवं गैस 0.66 और पावर समूह के शेयर 0.47 प्रतिशत मजबूत रहे।

**बीएसई सेंसेक्स — 5 मार्च 2024**

अधिकतम गिरावट

| | |
|---|---|
| खुला | 73,767.42 |
| बंद | 73,677.13 |
| पिछला बंद | 73,872.29 |
| बदलाव | -195.16 (0.26%) |

| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 1,550.05 | -4.28 |
| बजाज फाइनेंस | 6,325.25 | -4.17 |
| इंफोसिस | 1,606.20 | -1.93 |
| नेस्ले इंडिया | 2,539.30 | -1.88 |
| टीसीएस | 4,011.35 | -1.72 |
| अल्ट्रा टेक | 9,839.20 | -1.45 |
| विप्रो | 513.30 | -1.34 |
| एचसीएल टेक | 1,619.65 | -1.05 |
| एल एंड टी | 3,611.10 | -0.90 |
| टाटा स्टील | 151.85 | -0.82 |

KBK Infographics

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.32, जर्मनी का डैक्स 0.33, जापान का निक्केई 0.03 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.61 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.28 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट लेकर 73,767.42 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 73,412.25 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवली के बल पर दोपहर बाद यह 73,915.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 73,872.29 अंक की तुलना में 0.26 प्रतिशत उतरकर 73,677.13 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 34 अंक फिसलकर 22,371.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,269.15 अंक के निचले जबकि 22,416.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,405.60 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत गिरकर 22,356.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 4.28, बजाज फाइनेंस 4.17, इंफ़ोसिस 1.93, टीसीएस 1.72, विप्रो 1.34, एचसीएल टेक 1.05, एलटी 0.90, टाटा स्टील 0.82, टेक महिंद्रा 0.78, आईटीसी 0.73, एक्सिस बैंक 0.52, रिलायंस 0.44, आईसीआईसीआई बैंक 0.34 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.15 प्रतिशत शामिल रही।

# एनएआर इंडिया व जीएआर ने किया कार्यक्रम आयोजित



- देश व दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी व एक्सपर्ट्स एक मंच पर हुए इकट्ठा

**नई दिल्ली**,5 मार्च (एजेंसियां)। नार्विगेट 2024 - एक अभूतपूर्व इंडस्ट्रीयल रियल एस्टेट कन्वेंशन और वेयरहाउसिंग कॉन्क्लेव के रूप में एनएआर इंडिया और जीएआर के ऐतिहासिक गठबंधन ने एक अद्वितीय सफलता हासिल की है, जिसका आयोजन गोवा की मनमोहक पृष्ठभूमि पर किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल 16वें एनएआर-इंडिया नेशनल कन्वेंशन को चिन्हित किया बल्कि संगठन की ऐसी शक्ति के रूप में प्रमाणित कर स्थापित किया जो परिवर्तन लाने में सक्षम है। इसमें पूरे भारत और दुनिया भर से 1200 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स, दूरदर्शी और एक्सपर्ट्स एक मंच पर इकट्ठा हुए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने अपने संबोधन में इस बात पर बल देते हुए कहा कि रियल एस्टेट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली आधार शिला के रूप में कार्य करता है और एक दूरदर्शी सोच रखने वाली सरकार के साथ उन्नाति और नवाचार, आवश्यक और प्राप्त करने योग्य है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की सभाएं व्यावसायिक गतिविधियों और क्षेत्र विशेष के लेनदेन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विशेष अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री मॉविन गोडिन्हो ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया।

## अमेजन बिजनेस के वुमंस डे गिफ्टिंग स्टोर से थोक में कीजिए गिफ्ट का ऑर्डर

नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस यानि 8 मार्च 2024 की तारीख बस आने ही वाली है। यह एक बेहद खास मौका है जब आप अपनी सभी महिला कर्मचारियों को साल भर उनके अथक प्रयासों के लिए कुछ विशेष उपहार दे सकते हैं। अपने संगठन में महिला कर्मचारियों के प्रयासों का जश्न मनाने और इस दिन को खास बनाने के लिए, अब आप अमेजन बिजनेस पर महिला दिवस गिफ्ट स्टोरफ्रंट पर जा सकते हैं।

यह स्टोर खासतौर पर आपको अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट सबसे किफायती दरों पर और थोक में खरीदने में मदद करेगा। इस गिफ्टिंग स्टोरफ्रंट पर आकर आप विभिन्न श्रेणियों में 199 रुपये से शुरू होने वाले प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। व्यावसायिक ग्राहक किराना, हैम्पर्स और स्वादिष्ट उपहार, पर्सनल केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एक्सेसरीज़, लार्ज अप्लायंसेस, होम एवं किचन अप्लायंसेस, फर्निशिंग और डेकोर जैसी श्रेणियों में थोक में प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, गिफ्टिंग स्टोर एक सुविधाजनक और पारदर्शी खरीदारी अनुभव के साथ-साथ आकर्षक कीमत पर कस्टमाइज गिफ्टिंग के विकल्प भी प्रदान करता है।

# स्विगी ने ट्रेनों में भोजन वितरण के लिए आईआरसीटीसी के साथ मिलाया हाथ

- सेवा का विस्तार 59 सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना

**नई दिल्ली**, 5 मार्च (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने ट्रेनों में फूड डिलीवरी सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता ज्ञापन के मुताबिक, स्विगी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा से यात्रा करने वाले ट्रेन यात्रियों को भोजन वितरित करेगी। कंपनी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में इस सेवा का विस्तार देश भर के 59 अतिरिक्त सिटी स्टेशनों तक होने की संभावना है।

स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने बयान जारी कर कहा कि अगर इन रेल यात्राओं के दौरान, जो राज्यों और जिलों से होकर गुजरती हैं, किसी के पास भारत की पाक विविधता का पता लगाने के लिए भोजन ऑर्डर करने का विकल्प है, तो यह अनुभव को अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बना देगा। स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा। भोजन वितरण के लिए पसंदीदा स्टेशन का चयन करना होगा। ऐप पर रेस्तरां की विस्तृत सूची ब्राउज़ करनी होगी और एक रेस्तरां चुनना होगा जो भोजन वितरित कर रहा हो।




स्विगी के माध्यम से प्री-ऑर्डर की गई भोजन के लिए यात्रियों को आईआरसीटीसी ऐप पर पीएनआर डालना होगा : रोहित कपूर

आईआरसीटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय कुमार जैन ने कहा कि स्विगी के साथ यह साझेदारी हमारे यात्रियों के लिए अधिक सुविधा और भोजन विकल्प लाएगी, जिससे उनकी यात्राएं और अधिक यादगार बन जाएंगी। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि यात्रियों को दिया जाने वाला खाना गर्म और ताजा रखने के लिए इंसुलेटेड स्विगी बैग में पैक किया जाएगा।

## कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस यूएसआईएसपीएफ निदेशक मंडल में शामिल




**नई दिल्ली।** यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) ने मंगलवार को बताया कि कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. इसके निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी संगठन है। संगठन के अनुसार, रवि कुमार एस. ट्रांसयूनियन और यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं। इसके अलावा वह न्यूयॉर्क एकेडमी ऑफ साइंसेज के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में भी हैं।

# खेल जगत

## इंडियन ओपन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी से गोल्फ की लोकप्रियता बढ़ी : ब्रिजिंदर सिंह

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पीटर थॉमसन ने भारत में गोल्फ खेलने से पहले ही महान दर्जा हासिल कर लिया था। थॉमसन ने 1964 में पहली बार इंडियन ओपन ट्रॉफी जीतने से पहले 1954, 1955, 1956 और 1958 में दुनिया का सबसे पुराना मेजर- ब्रिटिश ओपन जीता था। ब्रिटिश ओपन जीतने पर उन्हें सिर्फ 1000 पाउंड की पुरस्कार राशि मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 1966 और 1976 में इंडियन ओपन जीता और भारतीय गोल्फ में एक मील का पत्थर स्थापित किया। उस समय भले ही पुरस्कार राशि बहुत कम थी, लेकिन भारत के राष्ट्रीय ओपन में थॉमसन की रुचि ने दुनिया भर में बड़े पैमाने पर इसकी चर्चा शुरू की थी। तब से भारतीय गोल्फ में बहुत कुछ बदल गया है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा राष्ट्रीय खेल महासंघ का मान्यता प्राप्त भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा आयोजित, यह टूर्नामेंट नकद पुरस्कार के मामले में आज भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित ईवेंट बन गया है।



# स्मृति मंधाना, पेरी के अर्धशतकों से आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स पर हासिल की जीत

## स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए

**बेंगलुरु,** 5 मार्च (एजेंसियां)। यहां के चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 के मैच में कप्तान स्मृति मंधाना और एलिसे पेरी के अर्धशतकों और उनके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने यूपी वारियर्स को 23 रनों से हरा दिया।

**महिला प्रीमियर लीग 2024**

पहले बल्लेबाजी करने उतरीं स्मृति मंधाना ने 50 गेंदों में 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 80 रन बनाए, जबकि पेरी ने 37 गेंदों में चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 58 रन बनाए, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवरों में 198/3 रन बनाए। जवाब में यूपी वारियर्स ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन, 7×4, 3×6) के अर्धशतक, दीप्ति शर्मा की 22 गेंद में 33 रन और पूनम खेमनार की 24 गेंद में 31 रन की पारी के बावजूद टीम 175/8 रन ही बना सकी। 20 ओवर में स्कोर 23 रन रहा। इस जीत के साथ, आरसीबी के दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के समान छह अंक हो गए, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर वह तालिका में तीसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स की पांच मैचों में तीसरी हार है।

वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा। आरसीबी ने शानदार शुरुआत की। स्मृति मंधाना और सब्बिनेनी मेघना ने छठे ओवर में शुरुआती विकेट के लिए 51 रन बनाए। इससे पहले मेघना 28 रन बनाकर अंजलि सरवानी की गेंद पर चमारी अथापथु को कैच दे बैठीं। 29 रन पर अथापथु ने उनका विकेट गिरा दिया और एक स्टंपिंग मौका भी बच गया। अथापथु और राजेवश्वरी गायकवाड़ ने एक-एक छक्का लगाया और दीप्ति शर्मा की गेंद पर चौका लगाया और 34 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। स्मृति ने अपना आक्रमण जारी रखा और 15वें ओवर में श्रीलंकाई ऑलराउंडर पर तीन चौके लगाए, जिनमें से दो बैक-टू-बैक थे। अगले ओवर में उन्होंने के अंजलि सवानी को एक ओवर में तीन चौके लगाकर उसी खतरे का सामना किया। लगातार गेंदों पर दो चौके लगाए - दूसरा सोफी एक्लेस्टोन की पकड़ से दूर सीमा रेखा के पार चला गया। आरसीबी की कप्तान ने एलिसे पेरी के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े, जिन्होंने सरवानी की गेंद पर चौका लगाकर अपनी पारी की शुरुआत की और 18वें ओवर में राजेवश्वरी की गेंद पर लगातार छक्के लगाए। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर एक्लेस्टोन का शिकार बनने से पहले उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर छक्का भी लगाया।



### संक्षिप्त स्कोर

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 20 ओवर में 198/3 (स्मृति मंधाना 80, एलिसे पेरी 58, एस मेघना 28; सोफी एक्लेस्टोन 1-22) ने यूपी वारियर्स को 20 ओवर में 175/8 से हराया (एलिसा हीली 55, दीप्ति शर्मा 33, पूनम खेमनार 31, सोफी डिवाइन 2-37, सोफी मोलिनक्स 2-29, जॉर्जिया वेयरहैम 2-38, आशा शोभना 2-29) 23 रन से।

### संन्यास के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हूं : मेग लैनिंग



**नई दिल्ली।** डब्ल्यूपीएल की स्टार खिलाड़ी और दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा डब्ल्यूपीएल में लगातार सफलता हासिल कर रही हैं, ने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी। महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग एक मशहूर नाम है। शायद इसलिए जब उन्होंने अचानक पिछले साल अंतरराट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया था, तो क्रिकेट जगत स्तब्ध रह गया।

# इंडियन वेल्स में वापसी करेंगे नडाल

## 'मिसाइल मैन' राओनिक से होगा पहला मुकाबला

**इंडियन वेल्स (यूएस),** 5 मार्च (एजेंसियां)। तीन बार के चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल को परिबा ओपन के पहले दौर में कनाडा के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिक से भिड़ना है, क्योंकि साल के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 का ड्रा निकाला गया है।

नडाल, जो इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान 2022 में फाइनल में पहुंचे थे, सीजन के पहले सप्ताह में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, वर्ष की अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

कूल्हे की चोट के कारण 11 महीने के अंतराल के बाद, 37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने जनवरी की शुरुआत में दौरे पर वापसी की, ब्रिस्बेन में दो मैच जीते, फिर एक के दौरान उनके बाएं कूल्हे के पास की मांसपेशी में हल्की चोट लग गई जिसमें उन्हें जॉर्डन थॉम्पसन से क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन, रविवार को लास वेगास में नेटफ्लिक्स स्लैम में हमवतन कार्लोस अल्काराज के साथ रोमांचक मुकाबले के बाद, 11वीं बार 33 वर्षीय कनाडाई का सामना करेंगे और दूसरी बार गुरुवार शाम को इंडियन वेल्स में भिड़ेंगे। यह नडाल की 16वीं इंडियन वेल्स उपस्थिति होगी जहां उन्होंने कोचेला वैली में तीन खिताब और दो फाइनल के साथ 59-11 का रिकॉर्ड बनाया है। नडाल, जो वर्तमान में नंबर 652वें पर हैं, ने इस सीज़न में अपने शानदार करियर को संभावित रूप से समाप्त करने की बात कही है, और यह इंडियन वेल्स में उनकी आखिरी उपस्थिति हो सकती है।

पूर्व विश्व नंबर 3 राओनिक, जो नडाल की तरह एच्लीस की चोट और पैर की टूटी उंगली के कारण लगभग दो पूर्ण सीज़न (जुलाई 2021 से जून 2023 तक) नहीं खेल पाए, दक्षिणी कैलिफोर्निया में अपनी नौवीं उपस्थिति दर्ज कराएंगे। अपनी बैलिस्टिक सर्विस के कारण 'द मिसाइल' उपनाम से मशहूर कनाडाई खिलाड़ी 2016 में फाइनल के साथ-साथ दो अन्य सेमीफाइनल में पहुंचे और 2011 में इंडियन वेल्स में पदार्पण के बाद से उन्होंने 23-8 का लाइफटाइम रिकॉर्ड बनाया है। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच, 2019 के बाद इंडियन वेल्स में अपनी पहली उपस्थिति बना रहे हैं और विश्व नंबर 69 ऑस्ट्रेलियाई अलेक्जेंडर वुकिक या क्वालीफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे। सर्बियाई महान को कैस्पर रुड या ह्यूबर्ट हर्काज़ के साथ संभावित क्वार्टर फाइनल से पहले चौथे दौर में या तो अमेरिकी टॉमी पॉल या नवनिर्मित एटीपी 500 दुबई चैंपियन उगो हम्बर्ट से भिड़ने की संभावना है।



गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज , जो पीएटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 3 पर टूर्नामेंट शुरू कर रहे हैं, को पहले दौर में नेक्स्टजेनएटीपी फ्रेंचमैन लुका वान एश या 23 वर्षीय इतालवी माटेओ अर्नाल्डी के साथ मुकाबला करना होगा।

स्पैनियार्ड को तीसरे दौर में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से, क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव या बैक-टू-बैक एकापुल्को चैंपियन एलेक्स डी मिनौर से और सेमीफाइनल में सिनर से भिड़ने की संभावना है।

# 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें इंग्लिश क्रिकेटर बनेंगे जॉनी बेयरस्टो


**धर्मशाला,** 5 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 17वें इंग्लिश क्रिकेटर बनेंगे। धर्मशाला टेस्ट से पहले उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए भावुक करने योग्य पल है। बेयरस्टो ने कहा कि यह दुनिया के खूबसूरत ग्राउंड में से एक है। केपटाउन मेरे पसंदीदा मैदानों में से एक है लेकिन धर्मशाला की बात ही कुछ और है। बेयरस्टो के परिजन भी धर्मशाला पहुंच गए हैं और वे मैच शुरु होने से पहले कैप प्रेज़ेंटेशन के दौरान उनके साथ मौजूद रहेंगे। बेयरस्टो के पिता इस दुनिया में नहीं हैं, उन्होंने 1997 में आत्महत्या कर ली थी और तब बेयरस्टो सिर्फ़ आठ वर्ष के थे। पिता के देहांत के बाद उनकी मां जेनट ने ही उनकी और उनकी बहन की देखभाल की। पिता का जब देहांत हुआ था तब उनकी मां ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही थीं और 2012 में एक बार फिर इस बीमारी ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते बेयरस्टो को भारत का दौरा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था। बेयरस्टो ने अपने करियर के दौरान कई बड़े खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया। उन्होंने तमाम खिलाड़ियों के साथ के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जब मैंने खेलना शुरु किया था तब स्ट्रॉस, कुक, पीटरसन, बेल, स्वान, एंडरसन, ब्रॉड जैसे खिलाड़ी थे।



### मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था : अश्विन

*नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्पिन लीजेंड रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि वह हर दौरे के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने आप में वापस चले जाते हैं। धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान, अश्विन खेल के लंबे प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे। राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में, अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले नौवें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए तथा मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए।*

*इसके अलावा, उन्होंने घरेलू टेस्ट में 350 विकेट की बाधा को तोड़ दिया और कुंबले को पीछे छोड़ते हुए भारत के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने 99 टेस्ट मैचों में 507 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट लिए हैं।*



# सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ

## 75 हजार खिलाड़ी लेंगे भाग : अनुराग ठाकुर

**बिलासपुर,** 5 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बिलासपुर स्थित लूहणू क्रिकेट ग्राउंड में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़, बिलासपुर भाजपा ज़िला अध्यक्ष स्वतंत्र संख्यान, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, नैना देवी विधायक रणधीर शर्मा, बिलासपुर विधायक त्रिलोक जमवाल, झण्डुता विधायक जेआर कटवाल, पूर्व विधायक राजेंद्र गर्ग, हमीरपुर लोकसभा प्रभारी सुमित शर्मा व प्रदेश महामंत्री नरेंद्र अत्री भी मौजूद रहे। खेल महाकुंभ का भव्य आगाज करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि खेलोगे तभी खिलोगे। इसीलिए सांसद खेल महाकुंभ आयोजन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का भी अवसर दे रहा है। सांसद खेल महाकुंभ के पहले संस्करण में 40,000 और दूसरे संस्करण में 45,000 लोग इसमें शामिल हुए थे। इस बार हमने 75,000 खिलाड़ियों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मैंने जब अपने खेल महाकुंभ की प्रेजेंटेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी थी तब उन्होंने कहा था कि जब तुम कर सकते हो तो बाकी सांसद भी इसे अपने-अपने लोकसभा में कर सकते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही प्रेरणा है कि आज पूरे देश में लगभग 300 सांसद अपने-अपने क्षेत्र में सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करवा रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने बताया कि इस बार खेल महाकुंभ में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हो रहे इस भव्य आयोजन को देखकर रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ बेहद खुश नजर आये और उन्होंने युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी किया।



## सार संक्षेप

### पाकिस्तानी मुक्केबाज रशीद साथी खिलाडी के बैग से पैसे चुराने के बाद लापता

**रोम।** ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गए पाकिस्तानी मुक्केबाज जोहेब रशीद अपने ही साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद से लापता है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इटली में पाकिस्तान दूतावास को इस घटना की जानकारी दे दी गई और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की गई है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा कि जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिए बहुत शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि जोहेब इटली में ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली और इसके बाद वह होटल से गायब हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन उसने इसबीच किसी से भी संपर्क नहीं किया है।

### मप्र की वैष्णवी ने मास्को में जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** मास्को में चल रही अंतरराष्ट्रीय मास्को वुशू चैम्पियनशिप 2024 में मध्य प्रदेश के सतना जिले की वैष्णवी त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक जीता है। राज्य के खेल जगत को मिली इस बड़ी उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वैष्णवी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एक्स पर लिखा है, अंतरराष्टीय मास्को वुशू 2024 में सतना की बेटी वैष्णवी त्रिपाठी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर मध्यप्रदेश और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने वैष्णवी की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि बेटी आप आगे भी सफलता के पथ पर ऐसे ही बढ़ते हुए प्रदेश एवं देश की प्रतिष्ठा व सम्मान बढ़ाती रहो, आपको उज़्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं, आशीर्वाद। उल्लेखनीय है कि राज्य से चार खिलाड़ियों का दल रुस के मास्को में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने गया है।

### सैफ अंडर16 महिला चैम्पियनशिप में भारत बांग्लादेश से 1-3 से हारा

**काठमांडू (नेपाल)।** सैफ अंडर16 महिला चैम्पियनशिप में भारत की किस्मत को मंगलवार को झटका लगा जब वे नेपाल के ललितपुर में एएनएफए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मजबूत बांग्लादेश से 1-3 से हार गए, जबकि जीत ने बांग्लादेश को चार-टीम राउंड-रॉबिन मुकाबलों में दो मैचों में छह अंकों के साथ समूह में शीर्ष पर पहुंचा दिया और उसका फाइनल में स्थान भी लगभग पक्का कर दिया।

# नीदरलैंड्स ने नेपाल को चार विकेट से हराया

**कीर्तिपुर (नेपाल),** 5 मार्च (एजेंसियां)। नीदरलैंड ने मंगलवार को टी.यू इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में फाइनल में नेपाल को चार विकेट से हराकर ट्राई सीरीज जीत ली। सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट ने केवल 29 गेंदों पर 54 रनों की शानदार पारी खेलकर डच टीम की कमान संभाली। मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेच ने उनका अच्छा समर्थन किया, जिन्होंने 29 गेंदों में 48 रनों का योगदान दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 8 विकेट के नुकसान पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज आशिफ शेख ने 37 गेंदों पर 47 रनों की तेज पारी खेलकर प्रतिस्पर्धी स्कोर की नींव रखते हुए ठोस शुरुआत दी। हालांकि, गुलशन झा (24 में से 34), कुशल मल्ला (11 गेंदों में 26) और कप्तान रोहित पौडेल (19 गेंदों में 25) के साहसिक प्रयासों के बावजूद नेपाल ने डेथ ओवरों में अपनी लय खो दी और जल्दी-जल्दी चार महत्वपूर्ण विकेट खो दिए। फ्रेड क्लासेन (2-37), टिम वैन डेर गुगटेन (2-29), माइकल लेविट (2-35) और साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (2-14) के नेतृत्व में नीदरलैंड का गेंदबाजी आक्रमण नेपाल के स्कोरिंग अवसरों को सीमित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



ट्राई सीरीज

# चहल का चला जादू, झटके चार विकेट

**मुंबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल की जादुई गेंदबाजी की बदौलत इनकम टैक्स ने मंगलवार को डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी ग्राउंड में डीवाई पाटिल टी20 कप में केनरा बैंक को 135 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद, विशांत मोरे (61) और शेल्डन जैक्सन (32) के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी से इनकम टैक्स को अच्छी मदद मिली। बाद में कप्तान महिपाल लोमरोर ने सिर्फ 21 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 49 रनों की तेज पारी खेली। अंत में सुमित कुमार ने 18 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 53 रनों की बेहतरीन नाबाद पारी खेली। इनकम टैक्स ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 244 रन का विशाल स्कोर बनाया।

इसके जवाब में केनरा बैंक की पारी बिना किसी संघर्ष के सिमट गई और वे 16 ओवर में मात्र 109 रन पर आउट हो गए। गेंद के साथ स्टार चहल (4-22), प्रदीप्ता प्रमाणिक (2-24) और सुमित कुमार (2-13) थे। डीवाई पाटिल स्टेडियम में, रिलायंस 1 ने जैन इरिगेशन के खिलाफ 20 ओवर में छह विकेट पर 187 रन बनाए। बल्ले से प्रमुख योगदानकर्ता नमन धीर (55) और तिलक वर्मा (40) थे। जैन के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अरशद खान (2-27) और मयंक यादव (2-45) थे।



# सात्विकसाईराज-चिराग, ट्रेसा-गायत्री दूसरे दौर में

**पेरिस,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशियाई जोड़ी ओंग यू सिन और टीओ ई यी को सीधे गेम में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। फ्रांस की राजधानी में एरेना डे ला चैपल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में भारतीय जोड़ी ने 21-13, 24-22 से जीत हासिल की।

**फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट**



महिला युगल में, ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 16-21, 21-19, 21-17 से हराकर राउंड 2 में प्रवेश किया। पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन जापान के कांता त्सुनेयामा से भिड़ेंगे, जबकि प्रियांशु राजावत दिन के अंत में डेनमार्क के शीर्ष वरीय विक्टर एक्सेलसेन से भिड़ेंगे।

# शाहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से अपने संन्यास के फैसले पर विचार कर रहा था और अब मैंने यह फैसला किया है कि मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। मुझे हमेशा से ऐसा लगता है कि जब आपके पास कोई मोटिवेशन हो तो आप हमेशा ख़ुद को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हालांकि अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं।



■ प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में कुल 542 विकेट लिए

नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पर्दापण किया था। इस मैच में उन्होंने चार विकेट लिए थे। इसके बाद उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच खेलने का मौका मिला था। साथ ही आईपीएल में उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम से कुल 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 28.86 की औसत से कुल 542 विकेट लिए हैं। इसके अलावा लिस्ट में 175 और टी20 में उनके नाम 125 विकेट हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हमेशा चाहता हूं कि अधिक भावुक होकर कोई फैसला न लिया जाए। मैं 20 साल से झारखंड की टीम से खेल रहा हूं। भले ही हम रणजी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं लेकिन हमने एक मजबूत टीम की आधारशीला रखी है, जो हर दूसरे-तीसरे वर्ष रणजी या अलग-अलग घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट में पहुंचती है। आज घरेलू क्रिकेट में कोई भी झारखंड की टीम को हल्के में नहीं लेता है। मुझे ऐसा लगा कि अब मुझे यह काम युवाओं को सौंपना चाहिए और मुझे पूरा विश्वास है कि वह हमारी टीम के लिए आने वाले समय में बड़ी ट्रॉफी जीतेंगे।

नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी ट्रॉफी के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इसके अलावा 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। साथ ही 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सिर्फ 10 रन देकर आठ विकेट लेते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वर्ष 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 28.46 की औसत से सर्वाधिक 83 विकेट भी लिए थे।

# इंडियन वेल्स में डेब्यू करते हुए अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल

**इंडियन वेल्स,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को इंडियन वेल्स ओपन के अपने पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में अमेरिकी वाइल्डकार्ड स्टीफन डोस्टानिक पर सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की और अंतिम क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश कर लिया।

इंडियन वेल्स ओपन में अपने पदार्पण पर आठवीं वरीयता प्राप्त नागल ने अद्भुत धैर्य का प्रदर्शन किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं दिया। अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचते हुए, नागल ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि पुरस्कार राशि में 14,400 अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त किए। इंडियन वेल्स में नागल की सफलता उनकी हालिया उपलब्धियों में शामिल है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में उनकी ऐतिहासिक प्रगति और चेन्नई चैलेंजर्स में उनकी खिताबी जीत शामिल है, जिसने उन्हें शीर्ष 100 रैंकिंग में पहुंचा दिया। मंगलवार को आगामी दूसरे क्वालीफाइंग दौर में नागल का सामना सियोंग-चान होंग से होने वाला है, जो एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

